उज्जैन
शनिवार
10
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-69
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



उदयपुर में कृति सेनन की बहन की शादी, फंक्शन शुरू रैफल्स होटल में 3 दिन होंगी रस्में, बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री के कई स्टार आएंगे पेज- 8

## मोदी 17 जनवरी को पहली वंदेभारत स्लीपर का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कोलकाता और गुवाहाटी के बीच पहली वंदे भारत स्लीपर 17 जनवरी से चलेगी। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन में करेंगे। यह ट्रेन 6 दिन कामाख्या और हावड़ा जंक्शन के बीच चलेगी। वहीं, रेल मंत्री के मुताबिक 6 नई अमृत भारत एक्सप्रेस भी लॉन्च की जाएंगी। इनकी सेवाएं 17 और 18 जनवरी 2026 से मिलना शुरू हो जाएंगी। दिल्ली में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में गुरुवार को वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे में 2026 में एक बड़ा बदलाव होगा। सभी तरह के सुधारों पर के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शामिल है।



## रूस के दबाव के बाद अमेरिका ने 2 नागरिक छोड़े, 3 भारतीय क्रू मेंबर अभी भी कैद में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले ऑयल टैंकर जहाज मैरिनेरा से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है। रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था। अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जॉर्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे।

## बंगाल के नेता प्रतिपक्ष का मुख्यमंत्री को नोटिस 72 घंटे में जवाब मांगा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। इसमें ममता से 72 घंटे के भीतर अपने दावों के सबूत मांगे हैं। सुवेंदु ने कहा कि ऐसा न करने पर वे ममता के खिलाफ मानहानि का केस करेंगे। दरअसल, ममता ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी कोयला तस्करी मामले में शामिल हैं। कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु के जरिए शाह तक जाता है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कोलकाता में 8 जनवरी को आई-पैक कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के विरोध में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां की थीं।



## महाराष्ट्र निकाय चुनाव- 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग

**मुंबई/नागपुर/पुणे/नासिक।** बीएमसी समेत महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में चुनाव को लेकर महाराष्ट्र भर में चुनाव प्रचार जारी है। नासिक में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को भाई राज ठाकरे के साथ जनसभा की। उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व के प्रति समर्पण पर सवाल उठाया। दागी नेताओं को शामिल करने पर कहा कि वह इतनी बेशर्म हो गई है कि वह राक्षस राजा रावण को भी अपने साथ मिला सकती है। वहीं राज ने आरोप लगाया कि बीजेपी धर्म और जाति के नाम पर लोगों को गुमराह करना चाहती है। आप हमें सत्ता सौंपें और देखें, हम शहर को पहले जैसा बना देंगे।

### टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन होगा

# वेंडिंग जोन कहां बनेगा और पथ विक्रेताओं को कौन सी जगह दी जाएगी, यह तय होगा

### गुमटियों और दुकानों को चलाने के लिए यह कमेटी ही जगह निर्धारित करती

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन सहित प्रदेश के शहरों में वेंडिंग जोन कहां बनेगा और पथ विक्रेताओं को कौन सी जगह दी जाएगी, यह तय करने के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन होगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन संचालनालय के अपर आयुक्त शिशिर गेमावत ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका एवं नगर परिषदों के सीएमओ को पत्र लिखकर कहा है कि नियम के अनुसार चुनाव संबंधी प्रक्रिया कराई जाए। इसे लेकर इससे पहले भी दो बार सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखे जा चुके हैं लेकिन निकायों में टीवीसी मेंबर का चुनाव के बजाय मनोनयन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जैसे महानगरों में पहले से ही टाउन वेंडिंग कमेटी गठित है। वहां भी गुमटियों और दुकानों को चलाने के लिए यह कमेटी ही जगह निर्धारित करती है। अब प्रदेश के हर नगर निगम, परिषद, पालिका स्तर पर टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन का फैसला लिया गया है।

टाउन वेंडिंग कमेटी को नगर विक्रय समिति कहते हैं, जो नगरीय निकायों में स्ट्रीट वेंडर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके काम को व्यवस्थित करने के लिए गठित की जाती है। टीवीसी किसी भी नगरीय निकाय के लिए वेंडिंग जोन तय करने के साथ सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग सर्टिफिकेट भी जारी करती है। टीवीसी का जिम्मा शहर में वो जगहें तय करना है जहां ठेले, रेहड़ी वाले अपना सामान बेच सकते हैं।



इसके साथ ही टीवीसी के पास ही स्ट्रीट वेंडरों को आधिकारिक सर्टिफिकेट जारी करने के अलावा उनकी समस्याओं का समाधान भी यही कमेटी करती है। नियम के अनुसार हर नगरीय निकाय में एक जोन में एक टीवीसी मेंबर का चुनाव पार्षद की तर्ज पर होना चाहिए। टीवीसी में संबंधित निकाय का कमिश्नर या सीएमओ पदेन अध्यक्ष होता है। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे हाट बाजार, ठेले, पटरी, फुटपाथ पर सामान बेचकर आजीविका चलाने वाले पथ विक्रेताओं के लिए केंद्र सरकार ने 2014 में स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट लागू किया।

**बिना टाउन वेंडिंग कमेटी के ही शहरों में बिछाया जा रहा गुमटियों का जाल**

इस एक्ट के तहत सभी राच्यों को नियम बनाकर लागू करना था। एमपी में 24 अप्रैल 2017 को नियम बनाकर पथ विक्रेता अधिनियम को लागू कर दिया गया। इस एक्ट के नियमानुसार राज्य के सभी नगरीय निकायों में टीवीसी का गठन चुनाव के जरिए कराने का प्रावधान है। इन चुनाव में सदस्य बनने के लिए वही उम्मीदवार खड़ा हो सकता है ता है जो खुद एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में नगर निगम में दर्ज हो। इसके बाद भी राज्य सरकार के एक भी निकाय में इसका पालन नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि बिना टाउन वेंडिंग कमेटी के ही शहरों में गुमटियों का जाल बिछाया जा रहा है।

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले

# अमेरिका नेतन्याहू को भी किडनैप करे

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो, इजराइली पीएम फिलिस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मन

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्किए भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए। यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया, जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया।

## रविवार को संसद में पेश होगा यूनियन बजट 2026

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

देश की आर्थिक दिशा तय करने वाला केंद्रीय बजट 2026 इस बार एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। पहली बार ऐसा होगा जब 1 फरवरी को पड़ने वाले रविवार के दिन संसद में आम बजट पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र और प्रस्तावित कार्यक्रम को औपचारिक मंजूरी दे दी है, जिसके बाद संसद के दोनों सदनों में बजट सत्र की तैयारियां तेज हो गई हैं। परंपरा से हटकर रविवार को बजट पेश किए जाने को लेकर राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक हलकों में खास चर्चा है।

## जी राम जी विधेयक- 6 राज्यों ने दर्ज कराया विरोध

### दावा- सारे फैसले केंद्र के हाथ, भेदभाव की आशंका, राज्यों पर भी 4 गुना तक बोझ

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू कार रही है। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है। तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं।

इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है।

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, कर्नाटक में नई ग्रामीण रोजगार योजना लागू करने के लिए अगले 5 साल में राज्य सरकार को करीब 20,000 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। कर्नाटक ने तो इसे कोर्ट में चुनौती देने का ऐलान भी किया है। एसबीआई रिसर्च के एक पेपर के अनुसार, वीबी-जी राम जी एक्ट लागू होने पर राज्यों को 17,000 करोड़ रु. का लाभ होने का अनुमान है। यह राशि पिछले 7 साल के मनरेगा आवंटन से तुलना करके निकाली गई है। नए ढांचे में केंद्र और राज्यों के बीच निधि का वितरण मानक आधार (नॉर्मेटिव असेसमेंट) पर होगा, जिसमें समानता और दक्षता को ध्यान में रखा गया है।

## नगर निगम द्वारा वार्ड 44 में ड्रेनेज की सफाई



**दैनिक ब्रह्मास्त्र. उज्जैन।** वार्ड 44 में ड्रेनेज की सफाई नगरनिगम द्वारा की गई। सक्शन वाहन से कचरा साफ किया गया।

## इटली पीएम बोलीं- यूरोप को रूस से बातचीत शुरू करना चाहिए

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि यूरोप को अब रूस के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों में यूरोप को दोनों पक्षों से बात करनी चाहिए, सिर्फ एक तरफ से बात करने से उसका योगदान सीमित रह जाएगा। मेलोनी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की बात से सहमति जताई।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### डंपर चालक पर मजदूर ने किया सरिये से हमला

**उज्जैन।** ग्राम सिकंदरी में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य के लिये गुरूवार-शुक्रवार रात डंपर में चूरा लेकर चालक दीपक पिता गेंदालाल वर्मा निवासी ग्राम नवाखेड़ा पहुंचा था। साइड पर मजूदर सोया हुआ था, जिसे जगाकर चूरी खाली करने की जगह पूछी गई तो नींद से जागे मजदूर योगराज ने गुस्से में आकर लोहे के सरिये से डंपर चालक पर हमला कर दिया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मलखंभ स्पर्धा में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का एसपी ने किया सम्मान

**उज्जैन।** खेलो इंडिया बीच गेम्स के पदक विजेता मलखंभ खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स के अंतर्गत हुई मलखंभ चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की महिला टीम द्वारा 6 रजत पदक और पुरुष टीम द्वारा 12 कांस्य पदक अर्जित कर राज्य को पदक तालिका में द्वितीय स्थान दिलाया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शुक्रवार को सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एसपी शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगेश मालवीय, डॉ. आशीष मेहता सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

### महापौर ने चरक अस्पताल और रैन बसेरों में दिए रूम हीटर

**उज्जैन।** शीतलहर को ध्यान में रखते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को चरक अस्पताल एवं नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में पहुंचकर हीटर दिए गए। इस क्रम में चरक अस्पताल के पीआईसीयू (छोटे बच्चों) के वार्ड में 6 नग हीटर दिए। इसी प्रकार निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में भी 4 नग हीटर दिए गए।


### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने लिखा पत्र लोक निर्माण ने पाइपलाइन फोड़ी, उन्हें ही सुधारना पड़ेगी

**उज्जैन।** नागझिरी में पीएचई की पाइपलाइन के ऊपर गुरुवार को बिजली का पोल गाड़कर लोनिवि ने लाइन फोड़ दी थी। अब मामले में पीएचई ने हाथ खींच लिए है। पीएचई ने लोनिवि के जिम्मेदारों को पत्र लिखकर फोड़ी गई पाइपलाइन को जोड़ने को कहा है। खास बात यह कि लोनिवि के पास सुधार के लिए शनिवार दोपहर तक का वक्त है, क्योंकि शाम को इस लाइन से क्षेत्र में जलप्रदाय का टर्न है। यदि समय रहते लाइन नहीं सुधारी गई तो फिर से काफी पानी बह जाएगा। बड़ी समस्या यह होगी कि क्षेत्र में पेयजल की किल्लत गहरा जाएगी, क्योंकि यह लगातार दूसरा टर्न रहेगा, जब क्षेत्रवासियों को पानी नहीं मिलेगा। पीएचई के उपयंत्री संतोष दायमा ने बताया लोनिवि के अधिकारियों से मौखिक चर्चा भी हुई है। उन्होंने लाइन जोड़ने की बात कही है। उज्जैन-देवास फोरलेन के शहरी क्षेत्र में सड़क निर्माण काम लोनिवि के पास है। इसी कार्य के चलते गुरुवार लाइन फूट गई थी।

### लालपुल से भूखी माता घाट की तरफ बढ़ रहा नर्मदा का पानी

**उज्जैन।** मकर संक्रांति का स्नान पर्व 14 जनवरी को होना है। इसके लिए शिप्रा में नर्मदा का साफ पानी लिया जा रहा है। शुक्रवार तक नर्मदा का पानी शिप्रा के लालपुल से भूखी माता घाट की तरफ बढ़ रहा था। शिप्रा किनारे कई स्थानों पर घाटों के नए निर्माण चल रहे हैं। ऐसे में इस बार पाइपलाइन से त्रिवेणी की नागफनी की बजाय गऊघाट से शिप्रा में नर्मदा का पानी छोड़ा जा रहा है। दो-तीन दिन में यह आगे बहता हुआ अब लालपुल से भी आगे बढ़ रहा है। हालांकि लालपुल पर मिट्टी का डेम बना होने से यह पानी उसके बीच में लगे दो पाइप से होकर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। पानी शनिवार तक रामघाट पहुंच जाएगा। पीएचई की टीम इस पर लगातार नजर रख रही है, ताकि एक निर्धारित लेवल तक ही जलभराव किया जा सके।

# गऊघाट जल शुद्धिकरण प्लांट में अनियमितताएं





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शहर के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट जिससे पानी की बूस्टिंग होती है वहां कई अनियमितताएं देखने को मिली हैं उक्त आरोप नगरनिगम मे पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र वशिष्ठ ने लगाए हैं। प्लांट मे चल रही लापरवाही के संबंध में वशिष्ठ ने दैनिक ब्रह्मास्त्र से चर्चा करते हुए बताया कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर प्रदेश सरकार व अधिकारी गंभीर नहीं हैं।

**केमिस्ट नहीं, मातहत के सुपुर्द व्यवस्था-** वशिष्ट, नगरनिगम के विपक्षी पार्षदों के दल के साथ जब गऊघाट प्लांट के दौरे पर गए तो वहां बकायदा जल विशेषज्ञ केमिस्ट तक नहीं है। एक असिस्टेंट के भरोसे जल की जांच चल रही है जो एक गंभीर लापरवाही है।

**पूरे मानकों पर पेयजल की जांच नहीं-** वशिष्ट के अनुसार पेयजल आपूर्ति के पूर्व उसकी जांच विभिन्न पेरामिटर्स पर होना चाहिए। पानी शुद्धिकरण मे नियमानुसार सौलह पेरामिटर्स के अनुसार पानी का टेस्टिंग नहीं हो रहा है जो चिंतनीय है। मात्र टीडीएस व पी एच देखकर कर्तव्यों की इतिश्री की जा रही है।

### पांच माह क्लोरीन था ही नहीं

राजेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि स्टाक रजिस्टर देखने पर कई विसंगतियां सामने आई हैं। क्लोरीन खत्म हो जाने पर नई क्लोरीन क्रय करने की एंट्री नहीं मिली। सीधा सा मतलब है बीच मे पांच माह क्लोरीन खरीदा ही नहीं गया ऐसे में सवाल उठता है कि बिना क्लोरीनेशन के पेयजल पांच माह तक शहर की लाइनों में सप्लाई किया गया। स्थानीय प्रशासन को सतर्क होकर इन अनियमितताओं को देखना चाहिए और त्वरित सुधार करना चाहिए अन्यथा ट्रीटमेंट प्लांट का घेराव किया जाएगा।

### हर वार्ड की टंकी के पानी की जांच

वशिष्ठ ने बताया कि सप्लाई से पहले हर वार्ड की टंकी के पानी की विधिवत जांच कर्मचारी को करना होता है जो शहर के वार्डो में सही ढंग से हो ही नही रहा है। अब जागरूक कांग्रेस पार्षद टंकी के पानी की जांच को लेकर मानीटरिंग करेंगे। इस संबंध में योजना बनाई जाएगी।

# 1500 किमी पैदल चलकर उज्जैन पहुंचे दो दोस्त

## जम्मू के भक्तों ने बाबा महाकाल के किए दर्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जम्मू-कश्मीर के राजकुमार वर्मा और मोहन सिंह नामक दो मित्रों ने शिव भक्ति और मित्रता की अनूठी मिसाल पेश की है। दोनों ने माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद लगभग 1500 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की।

राजकुमार वर्मा (60 वर्ष) और मोहन सिंह (58 वर्ष) ने 2 दिसंबर 2025 को अपनी यात्रा शुरू की थी। लगभग 40 दिनों तक प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर पैदल चलते हुए, वे 8 जनवरी को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचे। इस यात्रा में एक बड़ी चुनौती थी राजकुमार वर्मा का स्वास्थ्य। दो वर्ष पहले उनके पैर का गंभीर ऑपरेशन हुआ था, जिसमें रॉड डाली गई थी। इसके बावजूद उन्होंने शिव भक्ति में यह पदयात्रा करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने मित्र मोहन सिंह को भी प्रेरित किया, जिसके बाद मोहन सिंह भी उनके साथ यात्रा पर जाने के लिए तैयार हो गए। पूरी यात्रा के दौरान दोनों श्रद्धालु अपना भोजन स्वयं बनाते थे। उनके साथ एक मारुति 800 वाहन चलता था, जिसे सहयोगी चलाते थे और जिसमें आवश्यक सामान रखा जाता था। विशेष रूप से पंजाब में गुरुद्वारों ने उन्हें भरपूर सहयोग दिया, जहां उन्हें लंगर, विश्राम और सेवा मिली। उज्जैन पहुंचकर दोनों मित्रों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। यहां समाजसेवियों और शिवभक्तों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे अपने अगले लक्ष्य कुबेरेश्वर धाम (सीहोर) के लिए पैदल ही रवाना हो गए। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य जम्मू में शिव पुराण कथा का आयोजन कराना है। दोनों मित्र कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर पंडित प्रदीप मिश्रा से निवेदन करेंगे कि वे जम्मू में शिव पुराण कथा करें, क्योंकि उनका मानना है कि जम्मू में बड़ी संख्या में शिव भक्त है।



# शहर में गंगा-जमुनी तहजीब दिखी

## मुस्लिम युवक ने गौसेवा करके मनाया जन्मदिन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

गंगा जमुनी तहजीब की एक ताजा मिसाल शहर की तिलकेश्वर गौशाला मे आज सुबह देखने को मिली जब मुस्लिम युवक अंसार खान ने अपना जन्मदिन तिलकेश्वर गौशाला मे गाय की सेवा करके मनाया। अंसार ने समाजसेवी दादा नारायण यादव व मित्र हेमंत पांचाल , अश्विन पांचाल की उपस्थिति मे गाय को गुड, चारा व खली खिलाकर जन्मोत्सव मनाया। अंसार ने बताया कि अनादिकाल से हम दूध के लिए गौमाता पर ही आश्रित हैं और वह हमारी पूजनीय माता है। वे विगत तीन साल से तिलकेश्वर गौशाला से जुडे हुए हैं और गायों की सेवा करने से उन्हें आनंद मिलता है। अंसार वर्ष मे सात आठ बार गौशाला जाकर गौमाता की सेवा करते रहते हैं। अंसार के इस जन्मदिन मनाने की सराहना सभी तरफ हो रही है।



# सिंहस्थ की तैयारी : उज्जैन के सभी प्रमुख मंदिरों का होगा विकास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन प्रशासन ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को तेज कर दिया है। इस बार प्रशासन का ध्यान केवल महाकाल मंदिर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शहर के लगभग सभी प्रमुख धर्मस्थलों का विकास किया जाएगा, ताकि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके।

अनुमान है कि सिंहस्थ 2028 के दौरान लगभग 30 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। ये श्रद्धालु महाकाल के अलावा चिंतामण गणेश, हरसिद्धि, शनि मंदिर, सिद्धवट, अंगारेश्वर और गढ़कालिका माता मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों के दर्शन करते हैं। इन्हीं मंदिरों के विकास कार्यों को सिंहस्थ से पहले पूरा करने की योजना है, जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री को भी दी जा चुकी है।



इसी क्रम में, संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह जिले के प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों और आवश्यक सुविधाओं में सुधार की पहचान करना है।

निरीक्षण की शुरूआत श्री चिंतामण गणेश मंदिर से हुई, जहां पार्किंग, दर्शन व्यवस्था और धर्मशाला सुविधाओं पर चर्चा की गई। इसके बाद श्री शनि मंदिर में खुले क्षेत्र, होल्डिंग एरिया, चौड़े पहुंच मार्ग, छांव और वाहन पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

श्री भूखी माता मंदिर के निरीक्षण के दौरान यज्ञशाला, भंडारे, बलि के लिए व्यवस्थित स्थान, शौचालय और पार्किंग सुविधा विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, श्री हरसिद्धि माता मंदिर, श्री अंगारेश्वर, श्री सिद्धवट और गढ़कालिका माता मंदिर का भी निरीक्षण किया गया। सिद्धवट मंदिर में जलभराव की समस्या के समाधान पर विशेष जोर दिया गया।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मंदिरों के पुजारियों और स्थानीय लोगों से चर्चा कर ऐसी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को पूरे शहर में बेहतर और सुगम अनुभव मिल सके।

उज्जैन
शनिवार
10
जनवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम्॥

अर्थः जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## खबर एक नजर...

### बियाबानी क्षेत्र में चाइनीज डोर से हार्डवेयर व्यापारी का गला कटा



**इंदौर।** प्रतिबंधित मांजे से पतंग उड़ाने व हादसे की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शुक्रवार शाम धार रोड स्थित बियाबानी से बाइक से घर जा रहे एक व्यापारी का चाइनीज मांजे से गला कट गया। काफी खून बहने लगा। तुरंत आसपास के लोग दौड़े और उसकी मदद की। फिर एक दोस्त ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल डॉक्टरों ने उसे ज्यादा बात करने से मना किया है। जानकारी अनुसार घटना शुक्रवार शाम को बियाबानी पोस्ट ऑफिस के सामने की है। यहां से जा रहे अम्मार नगर के हुसैन भाई का गला चाइनीज मांजे से कटा है। टांके लगाए हैं। हुसैन भाई की हार्डवेयर की दुकान है। छत्रीपुरा टीआई संजीव श्रीवास्तव के अनुसार हमें भी लोगों के माध्यम जानकारी मिली है। हमने इलाके में काफी लोगों से पूछा, लेकिन घटना के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली। यदि हमें सूचना मिलेगी तो हम तुरंत केस दर्ज करेंगे। अब हम लगातार सख्ती भी कर रहे हैं।

### भारत-न्यूजीलैंड मैच के टिकट को लेकर ठगी

**इंदौर।** इंदौर में 18 जनवरी को होने वाले भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच के टिकट को लेकर दो युवकों से ठगी होने का मामला सामने आया है। 3 जनवरी को टिकट बिक्री शुरू होते ही महज 5 मिनट में सभी टिकट बिक गए थे, इसके बावजूद सोशल मीडिया पर स्कैमर टिकट उपलब्ध होने की पोस्ट वायरल कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दो युवकों ने सस्ते में टिकट मैच की पोस्ट देखकर उनसे संपर्क किया तो स्कैमर ने उनसे ऑनलाइन पेमेंट करवा लिया। दोनों के खातों से अलग-अलग समय में 9 और 12 हजार रुपए निकल गए। टिकट मांगने पर उनके नंबर ब्लॉक कर दिए गए। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने कहा- मैच के टिकट पहले ही बिक चुके हैं। सोशल मीडिया पर स्कैमर सक्रिय हैं। उनके झांसे में न आएं।

### इंदौर में युवती ने कॉलसेंटर कर्मचारी को चप्पल से पीटा

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में गुरुवार को उस समय हंगामा हो गया, जब एक कॉल सेंटर में काम करने वाली युवती ने कथित तौर पर परेशान करने वाले युवक की सड़क पर चप्पलों से पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार 33 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से एक कॉल सेंटर में कार्यरत है। वहीं मोहम्मद अब्दुल सलाम उसी कॉल सेंटर में एमओ के पद पर काम करता था। युवती का आरोप है कि नवंबर 2025 से आरोपी उसे लगातार परेशान कर रहा था और दोस्ती बढ़ाने के लिए दबाव बना रहा था। आरोपी उसे यह कहकर बहलाने की कोशिश करता था कि उसकी बात मानने से उसका भविष्य बेहतर हो जाएगा। पीड़िता ने बताया कि उसने कई बार आरोपी को समझाया, लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया और कहा कि अगर वह उसकी बात माने तो सारी व्यवस्था कर देगा। इन हरकतों से परेशान होकर युवती ने दिसंबर 2025 में नौकरी से इस्तीफा दे दिया, हालांकि नोटिस पीरियड के चलते उसे दो महीने तक काम पर जाना पड़ा।

### इंदौर महापौर ने पार्षद वाघेला को प्रसंशा पत्र से सम्मानित किया, यहीं दूषित पानी से 20 मौत

# भागीरथपुरा को मिला था शहर का सबसे स्वच्छ वार्ड अवॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के जिस भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 20 लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से बीमार हैं। उसे 2023 में शहर का सबसे स्वच्छ वार्ड घोषित कर अवॉर्ड दिया गया था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने न सिर्फ मंच से वार्ड-11 के पार्षद कमल वाघेला की तारीफ की पुल बांधे थे, बल्कि उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया था। अब सवाल उठ रहा है कि जिस वार्ड को स्वच्छता और विकास का मॉडल बताया था, वहां इतनी बड़ी त्रासदी कैसे हो गई।



महापौर के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने पर अगस्त 2025 में भागीरथपुरा में विकास कार्यों के भूमिपूजन का कार्यक्रम हुआ था। उसमें भी भार्गव ने वार्ड में विकास कार्यों की बड़ी तारीफ की थी। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें महापौर भागीरथपुरा को इंदौर का सबसे अच्छा और स्वच्छ वार्ड बताते नजर आ रहे हैं। इस दौरान मंच पर पार्षद कमल वाघेला भी मौजूद थे। महापौर ने मंच से भागीरथपुरा के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की और अन्य वार्डों के पार्षदों को यहां आकर काम देखने की सलाह दी थी।

भागीरथपुरा में दूषित पेयजल सप्लाई का सिलसिला दो साल से चल रहा था। 29 फरवरी 2024 को क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को लिखे एक पत्र में स्पष्ट कहा था कि क्षेत्र के रहवासियों को गंदे पानी के कारण टाइफाइड, पीलिया एवं बुखार की समस्या हो रही है। एक 23 वर्षीय युवती की मौत तक हो चुकी है। सूत्रों की मानें तो पार्षद के पत्र के दो दिन पहले महापौर ने भी वहां का निरीक्षण किया था। नर्मदा और ड्रेनेज लाइन पास पास मिलीं। कई जगह पेयजल पाइप लाइन में टूट- फूट भी नजर आई। यानी दो साल पहले ही स्पष्ट हो गया था कि भागीरथपुरा में ड्रेनेज मिला पानी सप्लाई हो रहा था।

**सिंघार ने कहा था-नोट गिनने की मशीन क्यों रखी-** भागीरथपुरा में दूषित पानी से लोगों की मौत को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर निशाना साधा था। उन्होंने सवाल उठाया था कि महापौर कार्यालय में नोट गिनने की मशीन क्यों रखी गई है। क्या ठेकेदारों से नगद लेन-देन होता है या इसके पीछे कोई और कारण है?

### ड्रेनेज और पानी की लाइन पर 2 करोड़ खर्च

महापौर ने कहा था कि पार्षद कमल वाघेला ने तीन साल में 24 सड़कें बनवाई हैं, जिनमें प्रत्येक की लागत करीब 10 लाख रुपए है। यानी कुल 2.40 करोड़ रुपए की सड़कें बनी हैं। इसके अलावा ड्रेनेज लाइन और पानी की लाइन पर भी लगभग इतनी ही राशि खर्च की गई है। उन्होंने बताया था कि पार्षद ने तीन साल में करीब 10 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए हैं, जो सालाना औसतन तीन करोड़ रुपए बैठता है।

### मेयर ने कहा था-भागीरथपुरा का काम आकर देखें

महापौर ने मंच से कहा था कि मेयर होने के नाते वे भागीरथपुरा को अच्छे काम का सर्टिफिकेट दे रहे हैं और जिन वार्डों में बस्तियां हैं, उनके पार्षदों को भागीरथपुरा आकर काम देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्षद हमेशा विकास कार्यों के लिए फॉलोअप करते हैं और उन्होंने कभी उनके काम नहीं रोके। कार्यक्रम में महापौर ने पार्षद कमल वाघेला की व्यक्तिगत तारीफ करते हुए कहा था कि वे संगठन के व्यक्ति हैं और जरूरत पड़ने पर सख्ती से काम लेना भी जानते हैं।

### शिक्षा विभाग के ब्लॉक ऑफिस में हुआ था घोटाला, जांच के बाद कलेक्टर ने लिया एक्शन

# 2.87 करोड़ के गबन में 5 कर्मचारी सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में स्कूल शिक्षा विभाग के बीओ कार्यालय में 2 करोड़ 87 लाख रुपए के गबन मामले में कार्यालय के पांच कर्मचारियों को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। इनके नाम अकाउंटेंट दिनेश पवार, मेघा चार्ल्स, भृत्य सिद्धार्थ जोशी, राहुल अहिरे और अतुल त्रिवेदी है। इस मामले में सरकारी खजाने से गबन कर अपने नजदीकी लोगों के बैंक खातों में पहुंचा गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने इसकी जांच संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा, इंदौर को सौंपी थी। आयुक्त कोष एवं लेखा, भोपाल द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार गबन से जुड़े लगभग 150 खातों को फ्रीज किया जा चुका है। यह गड़बड़ी वर्ष 2018 से 2025 के बीच की बताई जा रही है। इंदौर विकासखंड कार्यालय से अनुदान, छात्रवृत्ति और जीपीएफ मद में प्राप्त होने वाली राशि का दुरुपयोग किया गया।



# मतदाता सूची में 26,644 नाम जोड़ने के आवेदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए चल रहे अभियान में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे शहर में 26644 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में जिला निर्वाचन कार्यालय के द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों के द्वारा घर-घर जाकर सर्वे करते हुए हर नाम की तस्दीक की गई।

तस्दीक के दौरान जो मतदाता रहते हुए नहीं पाए गए ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इसके साथ ही 2003 के मतदाता सूची में खुद का नाम होने के दस्तावेज न दे पाने वाले 1.33 लाख मतदाताओं के नाम पर नोटिस जारी किए गए हैं। बीजेपी पार्टी के नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे ने बताया कि भाजपा के द्वारा 26644 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म नंबर 6 जमा कराया गया है। इसमें देपालपुर में 1231, इंदौर एक में 3160, इंदौर दो में 2886, इंदौर 3 में 1751, इंदौर चार में 3141, इंदौर 5 में 5759, राऊ में 5058, सांवेर में 1720 और महू में 1938 मतदाताओं के नाम जोड़ने के आवेदन दिए गए हैं।

### इंदौर कमिश्नर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, टीआई और एसीपी को हटाने की मांग

# द्वारकापुरी थाने की कार्रवाई के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी थाने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पक्ष के लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर शुक्रवार को अभाविप के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कमिश्नर कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने यहां टीआई मनीष मिश्रा को भी हटाए जाने की मांग की। उनका कहना था कि पुलिस ने उनके खिलाफ द्वेषपूर्वक कार्रवाई की है।



द्वारकापुरी इलाके के वैष्णव मैनेजमेंट महाविद्यालय में तीन दिन पहले हुए विवाद मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने थाना प्रभारी मनीष मिश्रा और एसीपी शिवेन्द्र जोशी को हटाने की मांग की।

पिछले दिनों द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के वैष्णव मैनेजमेंट महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और अन्य गुट के विद्यार्थियों के बीच चुनाव से जुड़े मुद्दे को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता थाने पर शिकायत करने पहुंचे थे। थाना प्रभारी और एसीपी ने मामला शांत कराते हुए घायल पक्ष की ओर से प्रकरण दर्ज किया था, लेकिन छात्र संगठन के वहां से जाने के बाद दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत दर्ज कर ली गई।

इसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मामले में नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। इसके विरोध में आज पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी व एसीपी पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के अवधेश गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। एसीपी तुषार सिंह ने उनका आवेदन लिया और मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

बताया जाता है कि अभाविप के लोगों से सबसे पहले एसआई आलोक मिठास का विवाद हुआ था। आलोक मिठास पूर्व में भी इसी तरह कई बार लोगों से विवाद कर चुके हैं। अधिकारियों ने उनके खिलाफ पहले भी कोई कार्रवाई नहीं की। बताया जा रहा है कि वह थाने से हटना चाहते हैं, लेकिन अधिकारी उन्हें नहीं हटा रहे हैं।

## खबर एक नजर...

### संतों, वैष्णव बैरागी समाज ने निकाली वाहन रैली

उज्जैन। अनन्त श्री विभूषित श्री आचार्य सम्राट जगद्गुरू स्वामी श्री रामानन्दाचार्य जी महाराज का 726वां जयन्ती महोत्सव आज 10 जनवरी शनिवार को समस्त वैष्णव सम्प्रदाय के संत महन्त महामण्डलेश्वर एवं वैष्णव बैरागी समाजजन द्वारा हर्षोल्लास के साथ रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) पर मनाया जाएगा।

महामहोत्सव की पूर्व संध्या पर 9 जनवरी को शाम 4 बजे गाड़ी अड्डा चौराहा स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से समस्त संतों एवं वैष्णव बैरागी समाज के समस्त सदस्यों की वाहन रैली निकाली। वाहन रैली पाटीदार ब्रिज, टॉवर, मालीपुरा, नईसड़क, कंठाल, बुधवारिया होते हुए खाकचौक पहुंची। वहीं आज 10 जनवरी को प्रातः 8 बजे शोभायात्रा गोपाल मंदिर से प्रारंभ होगी जो कंठाल, तेलीवाड़ा, बुधवारिया, अंकपात होते हुए रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) जावेगी। यहां प्रातः 11 बजे स्वामी श्री के विग्रह का पूजन एवं दिव्य महाभिषेक दोप. 12 बजे सन्तों का आर्शीवचन तथा दोपहर 2 बजे प्रसादी भण्डारा का आयोजन होगा। महामहोत्सव में दोपहर 1 बजे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल जुड़ेंगे। अध्यक्षता श्री महन्त डॉ. रामेश्वरदास जी महाराज अध्यक्ष, रामादल अखाड़ा परिषद करेंगे। श्री रामादल अखाड़ा परिषद एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाज उज्जैन ने श्री रामानन्दाचार्य चरणानुरागी भक्तजनों से महामहोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### छाया, उन्नति एवं त्रिलोक ने जीते 3 कास्य, 2 रजत

**उज्जैन।** दमन एवं दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स में आयोजित मल्लखंब खेल को डेमस्टेशन खेल के रूप में सम्मिलित किया गया। जिसमें पूरे देश के 8 राज्यों की टीमों ने सहभागिता की। जिसमें म.प्र. की ओर से क्षीरसागर मल्लखंब सेंटर के खिलाड़ी त्रिलोक गौड़ ने 1 कास्य व छाया भाटिया एवं उन्नति सोलंकी ने भी अपनी टीम के साथ एक-एक रजत एवं एक-एक कास्य पदक अर्जित कर उज्जैन शहर एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की सफलता पर जिला खेल अधिकारी ओपी हरोड़ ने खिलाड़ियों एवं कोच मोहनलाल बम्बोरिया (विश्वामित्र अवार्डी) एवं राहुल बारोड़, अंजली यादव, वैष्णवी कहार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# शिविर मे 170 दिव्यांगो को निःशुल्क लगाए कृत्रिम अंग

## 6 से 9 जनवरी तक अग्रवाल परिवार एवं लायंस क्लब उज्जयिनी के दिव्यांग सेवा शिविर का हुआ समापन

### कलेक्टर, एसपी ने दिव्यांगो को किए कृत्रिम अंग वितरित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत श्री बद्रीलाल जी अग्रवाल एवं स्वर्गीय आनंदबाला अग्रवाल जी की स्मृति में शिव अग्रवाल संजय अग्रवाल एवं लायंस क्लब उज्जयिनी द्वारा 6 जनवरी से 9 जनवरी तक निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन आनंद मंगल परिसर मे किया गया। शिविर में 170 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाकर लाभान्वित किया गया। यह शिविर प्रतिदिन सुबह से देर रात तक संचालित हुआ।

शिविर संयोजक लायन शिव अग्रवाल, लायन मनीषा अग्रवाल तथा क्लब सचिव लायन अरविंद गुमाष्ते ने बताया कि यह सेवा शिविर स्वर्गीय श्री बद्रीलाल जी अग्रवाल एवं स्वर्गीय श्रीमती आनंद बाला अग्रवाल की पावन स्मृति में, स्वामी श्री चिदानंद सरस्वती जी महाराज के शुभाशीर्वाद से आयोजित किया गया। शिविर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश, महावीर सेवा सदन, कोलकाता के सौजन्य से तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

शिविर के समापन दिवस पर कलेक्टर उज्जैन एवं पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कृत्रिम अंग निर्माण एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा तथा इस पुनीत सेवा कार्य हेतु लायंस क्लब उज्जयिनी एवं अग्रवाल परिवार की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। अधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों के लिए प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया।

कोलकाता से आए डॉ. एस. एस. प्रभाकर एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर सटीक माप लेकर मौके पर ही कृत्रिम हाथ-पैर तैयार कर फिट किए गए। पोलियो अथवा अन्य बीमारियों से प्रभावित, दुर्घटना में अंग गंवा चुके तथा चलने-फिरने में असमर्थ बच्चों एवं वयस्कों को इसका लाभ मिला। दिव्यांगजनों ने सेवा से पूर्ण संतोष व्यक्त किया।

शिविर में लाभार्थियों एवं उनके परिजनों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था पूरे दिनभर की गई थी। कृत्रिम अंग लगने के पश्चात जब दिव्यांगजन अपने पैरों पर चलकर शिविर से बाहर निकले, तो उनके चेहरे पर आई मुस्कान ने आयोजकों एवं लायन सदस्यों को आत्मिक संतोष प्रदान किया।

इस शिविर में उज्जैन के साथ-साथ रतलाम, देवास, धार, आगर एवं खंडवा जिलों से भी दिव्यांगजन लाभ लेने पहुँचे।

समापन सत्र में माननीय पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन आर. जी. पाठक, भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, लायंस उप सचिव जे. पी. पंचेरिया, जोन चेयरपर्सन लायन मनीषा अग्रवाल, सचिव अरविंद गुमाष्ते, कोषाध्यक्ष मुकुंद गोरे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनःह्व के संदेश को आत्मसात करते हुए, बिना किसी जाति-धर्म के भेदभाव के यह सेवा प्रदान की गई है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

# छोटी बचत से सुरक्षित भविष्य की ओर छात्राओं को समझाया बचत का महत्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कालिदास कन्या महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा ह्लवित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंगह्व विषय पर छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल के जिला अग्रणी अधिकारी श्री राम नागर ने छात्राओं को बैंकिंग लोकपाल योजना की जानकारी देते हुए डिजिटल वित्तीय साक्षरता, चक्रवर्ती ब्याज, डिजिटल रुपया तथा टाइम वैल्यू ऑफ मनी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार वित्तीय समझ विकसित कर सुरक्षित एवं लाभकारी निवेश किया जा सकता है।

बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच हेड श्री भरत नागर ने अपने विशिष्ट वक्तव्य में छात्राओं को बैंकिंग से संबंधित विभिन्न सेवाओं, खातों, ऋण, डिजिटल लेन-देन एवं सुरक्षा उपायों की उपयोगी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय भार्गव ने छात्राओं को छोटी-छोटी बचत की आदत विकसित करने हेतु प्रेरित किया तथा वित्तीय जोखिमों से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ स्मिता देराश्री ने किया एवं डॉ गुंजन जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार ने बताया कि इस अवसर पर

डॉ. कविता जैन, डॉ. भावना नागर, डॉ. एकता दुबे, डॉ. मीरा यादव, श्रीमती मोनिका परमार, डॉ. मधु खंडेलवाल, श्रीमती रुपाली झीनीवाल, डॉ. अजय हाड़ा, डॉ. योगिता खटके, डॉ. सीमा उपाध्याय, शगुफ्ता तंवर, सुश्री सिद्धिका पुंगेरा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक सिद्ध हुआ।

### माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती द्वारा हिंदू संगम के पूर्व प्रतिदिन प्रभात फेरी के द्वारा जन जागरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हिंदुओं में एकजुटता और हिंदू गतिविधियों एवं सनातनी संस्कृति को बढ़ाने हेतु 11 जनवरी को विशाल हिंदू संगम के पूर्व मातागुजरी गुरुद्वारा बस्ती के 50 से अधिक सदस्यों एवं मातृशक्ति द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल 6 बजे वामनेश्वर महादेव मंदिर से एकत्रित होकर प्रभात फेरी के द्वारा हिन्दू गीतों के जय घोष के साथ बस्ती क्षेत्र में रहवासियों - नागरिकों के बीच जन जागरण किया जा रहा है। उक्त जानकारी माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती के प्रचार प्रमुख डॉक्टर घनश्याम शर्मा ने देते हुए बताया उज्जैन शहर में 65 स्थान पर हिंदू सम्मेलनों का भव्य आयोजन 11 जनवरी को होने जा रहा है माता गुजरी गुरुद्वारा बस्ती का हिंदू सम्मेलन भी वामनेश्वर महादेव मंदिर उद्यान में प्रातः काल 10:00 बजे संपन्न होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में बस्ती क्षेत्र में रहने वाले हिंदू सदस्य एवं मातृशक्ति शामिल होगी। सम्मेलन की सफलता हेतु प्रतिदिन 50 से अधिक सदस्य एवं मातृशक्ति द्वारा प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक प्रभात फेरी के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है आज प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव के आतिथ्य में बस्ती के प्रमुख क्षेत्र अवंतीपुरा, अब्दालपूरा ,गीता कॉलोनी, नई गली ,ब्राह्मण गली एवं अंकपात मार्ग पर होते हुए वामनेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त हुई।

# जैन यूनिटी फोरम ने प्रभु भक्ति के साथ किया प्रतिभाओं का सम्मान

### दादा अवन्तिजी के दरबार में हुई भक्ति संध्या, सैकड़ों भक्त प्रभु भक्ति में झूमे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





जैन यूनिटी फोरम के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सुराणा के निर्देशन में मोदी ग्रुप द्वारा दादा अवन्तिजी के दरबार में प्रभु भक्ति के साथ सुबह सेवा पूजा दर्शन ओर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्त प्रभु भक्ति में झूमे ओर प्रभु भक्ति का आनंद लिया। अंजू मनोज सुराणा ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन की पूर्व संध्या पर ग्रुप की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। तंबोला के साथ उपहार तथा सभी सदस्यों को डायरियां प्रदान की गई। आरती अंग रचना के लाभार्थी मनोज सुराणा परिवार, प्रभावना के लाभार्थी संतोष कोठारी परिवार, प्रभु तोरण संतोष सालेचा परिवार द्वारा बांधा गया। हर परिवार को सरप्राइज उपहार मिला। इस अवसर पर मनोज, अंजू, ऐश्वर्य, माधुर्य सुराणा, नितेश जया मेगी नाहटा, संतोष तारा सालेचा, ललित कोठारी, संतोष चंदन कोठारी, महेश मधु घूघरिया, प्रमोद चंचल पटवा, रमेश पुखराज चोपड़ा, प्रदीप किरण नाहटा, राजकुमार स्वाति भावना, संघवी अरिहंत, निधि जैन, अमित अर्पिता बाठिया, प्रकाश किरण जैन, अंकित अमीषा जैन, लोकेश हिना सालेचा, जितेंद्र सालेचा, कुनिका कुशिका जैन, जिनेश सराफ, राजेश अनीता सोनी, कांता बाठिया, रीना दुग्गड, रश्मि जैन, भेरू लाल सुवासरा वाले, प्रदीप गादिया, प्रफुल्ल रानी लोढ़ा, अविनाश राखी सुराणा, प्रदीप नाहर सहित समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### विश्व हिन्दी दिवस पर डॉ. चौधरी को पुणे में मिलेगा हिन्दी भाषा भूषण सम्मान

उज्जैन। विश्व हिन्दी प्रचार प्रसार संस्थान पुणे एवं राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना इकाई प्रदेश महाराष्ट्र तथा नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली इकाई महाराष्ट्र का संयुक्त आयोजन विश्व हिन्दी दिवस पर 10 एवं 11 जनवरी को च्वाईस कॉलेज पुणे में होगा।

प्रादेशिक सचिव डॉ. रंजना पांचाल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन अनेक शहरों में किया जा रहा है। 15वां विश्व हिन्दी दिवस समारोह में अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठीः वैश्विक स्तर पर हिन्दी की सफलता और संभावनाएं, विषय पर सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे के हिन्दी विभागाध्यक्ष आचार्य एवं शोधार्थी सहित हिन्दी भाषा साहित्यकार, विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे। समारोह में हिन्दी के प्रचार प्रसार में राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संस्थापक राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. प्रभु चौधरी को विश्व हिन्दी प्रचार प्रसार संस्थान पुणे का प्रतिष्ठित हिन्दी भाषा भूषण सम्मान में अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पांच हजार रुपए की धनराशि संस्था अध्यक्ष डॉ. आफताब अनवर शेखा एवं महासचिव डॉ. मो. शाकिर शेख प्रदान करेंगे। साथ ही डॉ. शहेनाज शेख नांदेड महासाचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना सहित 21 साहित्यकारों को हिन्दी भाषा गौरव सम्मान भी प्रदान किये जावेंगे।

विश्व हिन्दी दिवस की संध्या में बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। द्वितीय दिवस अन्तरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी देवनागरी लिपि का विश्व में बढ़ता प्रभाव पर साहित्यकार व्यक्तव्य प्रदान करेंगे। संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता सुवर्णा जाधव, डॉ. रंजीतसिंह अरोरा, डॉ. मनीषसिंह राजपूत, डॉ. बाबासाहेब शेख, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. योगिता काठेकर, सविता इंगले, डॉ. अर्चना अय्यर, भाग्यश्री दायमा, डॉ. मुमताज पठान, भारती चव्हाण, दीपिका कंटरे, डॉ. लतिका राव आदि रहेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव में हुई संगीत संध्या, किया नारी शक्ति का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव की दूसरी शाम शुक्रवार को संगीत संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें 150 में से चयनित 20 गायक, गायिकाओं ने अपनी सुमधुर आवाज में प्रस्तुतियां दी।



कालिदास अकादमी में लोकप्रिय कवि एवं अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित हो रहे इस महोत्सव में इस वर्ष विभिन्न समाजों को ठहाका महोत्सव से जोड़ा गया है। जिसमें प्रमुख रूप से यादव समाज, के सभी पदाधिकारी नारायण यादव के नेतृत्व में , दीपक बेलानी के नेतृत्व में सिंधी समाज, महेंद्र सेन के नेतृत्व में सेन समाज, ब्राह्मण समाज सुरेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज, गुलाब प्रजापति के नेतृत्व में प्रजापति समाज, नरेन्द्र भदोरिया के नेतृत्व में राजपूत समाज, फुलसिंह माली के नेतृत्व में माली समाज शामिल हुआ। अतिथि के रूप में मौजूद शेखर श्रीवास, देवव्रत यादव, रिंकू दीपक बेलानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष नन्दलाल यादव के साथ पूरी कार्यकारणी का सम्मान किया गया। उज्जैन शहर के प्रसिद्ध गायक व समाजसेवी हेमन्त व्यास, महेश सितलानी, कपिल यादें, प्रमोद व्यास 'पत्रकार', महेश मोयल, सुदर्शन अयाचित, ज्वलंत शर्मा, आर.जे. रोहित, धीरज गोमे, सन्नी अलबेला का सम्मान किया गया। नारी शक्ति सम्मान से अंजू जाटव, डॉ खुशबू पांचाल, डॉ अनामिका शर्मा, श्वेता कारपेंटर, आरती सिसौदिया, मीना विजय जोनवाल, अंजलि बालकृष्ण पटेल, ऋतु शर्मा, सतविंदर कौर सलूजा, राजश्री राजेंद्र जोशी, रजनी उपाध्याय, डॉ जया मिश्रा को सम्मानित किया। डॉ महेंद्र यादव ने बताया कि 8 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय ठहाका महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन लोक, कला एवं साहित्य के विविध आयोजन किए जा रहे हैं।

# अलखधाम नगर बस्ती में आज निकलेगी धर्म ध्वजा वाहन रैली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अलखधाम नगर बस्ती उज्जैन द्वारा भव्य दिव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन 1 जनवरी से 11 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज 10 जनवरी शनिवार को शाम 430 बजे दो तालाब उद्यान, योग भवन, इन्दौर रोड़ से धर्म ध्वजा वाहन रैली निकाली जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक रमेश गजरानी, सह संयोजक सुरेश मोड़ एवं आनंद पंड्या ने बताया कि 11 जनवरी, रविवार को प्रातः 10 बजे से दो तालाब उद्यान, योग भवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संत आर्शीवचन व बौद्धिक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अलखधाम नगर बस्ती क्षेत्र में अलखधाम नगर, गोवर्धन धाम नगर, साकेत नगर, सांई धाम कॉलोनी सुभाष नगर, हरिहर नगर, परवाना नगर, स्नेह नगर, बादशाह नगर श्रीराम नगर, मान सरोवर कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, ओमसांई मल्टी, बैंक कॉलोनी के रहवासी शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात अलखधाम नगर बस्ती का भोज भी आयोजित किया जाएगा। संयोजक व संपर्क सूत्र -अभिनव चतुर्वेदी, संदीप जोशी, प्रशांत चंदेरी, दीपक बेलानी, कमल साहलानी रहेंगे। दीपक बेलानी के अनुसार 9 जनवरी शुक्रवार को रांगोली प्रतियोगिता (मोहल्लाशः) का आयोजन हुआ। जिसमें बस्ती के घर घर रंगोली बनाई

# कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गढ़कालिका रोड स्थित दादा गुरु पीर मत्स्येन्द्रनाथ जी की समाधि पर श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारा एवं महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र जोशी एवं गब्बर बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन से पूर्व आमंत्रण पत्र का विमोचन सोमवारनाथ जी महाराज के करकमलों से विमोचन किया गया। इसके पश्चात समिति सदस्य साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को घर-घर जाकर कार्यक्रम



का आमंत्रण देंगे।1008 तपस्वी श्री योगी बाबा बमबम नाथ जी महाराज प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं को भोजन कराकर सेवा भाव का संदेश देते थे। उन्हीं की पावन परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा, महायज्ञ, चल समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार 13 जनवरी को शाम 5:00 बजे महायज्ञ के साथ होगी। आयोजन में देशभर से साधु-संत, नागा बाबा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10:00 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादा गुरु पीर मत्स्येन्द्रनाथ जी महाराज की समाधि स्थल पहुंचेगा। वहां साधु-संतों की उपस्थिति में चादर चढ़ाई जाएगी।

# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित दौड़ में कराएंगे स्वदेशी का संकल्प

### 12 जनवरी को होगी स्वदेशी संकल्प दौड़

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी युवा दिवस को विद्यालय एवं महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जाकर स्वदेशी का संकल्प कराया जाएगा।

उक्त आयोजन को लेकर स्वदेशी जागरण उज्जैन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वदेशी जागरण के प्रांत सह संयोजक दिलीप सिंह चौहान, प्रांत संपर्क प्रमुख डॉ. सुरेश चोपड़ा सहित उज्जैन के स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ चोपड़ा ने बताया कि इसमें जन अभियान परिषद की भी भागीदारी रहेगी। इस हेतु शिक्षा विभाग द्वारा भी विद्यालयो एवं महाविद्यालयो को निर्देश प्राप्त हुए है। बैठक में जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिला संयोजक प्रदीप तिवारी, जिला सहसंयोजक महेश पाटीदार, विचार मंडल प्रमुख गंगाराम मंडलोई, राजीव दीक्षित, विचार मंच प्रमुख प्रकाश पुरोहित, संपर्क प्रमुख हरीश शर्मा, संघर्ष वाहिनी प्रमुख गोपाल सिंह जादौन, युवा आयाम प्रमुख हिमांशु सिंह कुशवाह, प्रचार प्रमुख नंदकिशोर मंडलोई, वरिष्ठ नागरिक आयाम प्रमुख अजय त्रिवेदी, कोश प्रमुख सुनील उपाध्याय, कार्यालय प्रमुख निलेश राणा, पत्रिका प्रमुख विजय पांचाल, विधि प्रमुख धीरज गोभुज को दायित्व प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्वदेशी के कार्यकताओं द्वारा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब के तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रीरसागर स्टेडियम पर दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ हुआ। इस टूनामेंट में देशभर से बोहरा समाज की 12 टीमें भाग लिया है जिनके बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि टूनामेंट की शुरूआत से पूर्व कुरान की तिलावत की गई। इसके पश्चात पहला मुकाबला उज्जैन और सोपुर की टीमों के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमिल साहब के प्रतिनिधि शेख इब्राहिम भाई साबिर उपस्थित रहे। यह आयोजन दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना अलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन (त.उ.श) साहब की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है। टूनामेंट में विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम



को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। शेख इब्राहिम भाई साबिर ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था द्वारा सैयदना साहब के संदेश को आगे बढ़ाना सराहनीय कार्य है। यह टूनामेंट न केवल खेल को बढ़ावा देने का माध्यम है, बल्कि युवाओं को एकजुट कर खेल भावना, अनुशासन, मेहनत और टीमवर्क को प्रोत्साहित करने का भी एक सशक्त मंच है। उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। टूनामेंट का समापन 11 जनवरी, रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ होगा। कार्यक्रम का संचालन मुस्तफा बड़ौद वालों ने किया। इस अवसर पर सैफी मोहल्ला जमात के पूर्व सिक्योरिटी शेख जुल्फिकार भाई कोयला वाला, बुरहानी गॉड के कैप्टन मुला मुतुर्जा भाई कासु, मुला अकबर भाई तीन वाला, हुसैन भाई चक्की वाला, कसम भाई चाय वाला सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक मोरवाल ने पोल खोलो अभियान के तहत किया बड़नगर का दौरा

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

प्रदेश की भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने और मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को बचाने के संकल्प के साथ बड़नगर विधानसभा क्षेत्र में पोल खोलो अभियान तथा बूथ चलो, गांव चलो अभियान के अंतर्गत भव्य जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की मुख्य उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकताओं ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर जनता से सीधा संवाद किया। अभियान के तहत पूर्व विधायक मोरवाल ने कार्यकताओं की विशाल टोली के साथ ग्राम सलवा, बालोदा कोरन, माधोपुरा, उमरिया, गुणावद, ऊंटवास और इंगोरिया का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गर्मजोशी से कांग्रेस टीम का स्वागत किया और वर्तमान सरकार की नीतियों के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोरवाल ने भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार के 2 साल के कार्यकाल में जनता पूरी तरह बदहाल है। विकास के नाम पर केवल खोखली घोषणाएं की जा रही हैं। मनरेगा जैसी योजना, जो गरीब का सहारा थी, उसे यह सरकार खत्म करने की साजिश रच रही है। महंगाई और बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। किसान अपनी उपज के सही दाम के लिए भटक रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली-पानी की समस्याएं विकराल हो चुकी हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अब चुप नहीं बैठेगा, हम घर-घर जाकर इस सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलेंगे।

## खबर एक नजर...

### अधिवक्ता के साथ अभद्रता करने वाली दो महिलाओं पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर।** सीतामऊ के न्यायालय परिसर में एक अधिवक्ता के साथ की गई अभद्रता को लेकर अधिवक्ताओं ने अपना कामकाज बंद कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की। यह मामला गुरूवार की दोपहर में न्यायालय परिसर में हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना की रिपोर्ट सीतामऊ थाने पर फरियादी वैभव की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ गाली गलोच कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी की धाराओं में उर्वशी पति लोकेश निवासी बसई तथा काजल पिता धर्मेन्द्र उर्फ विरेन्द्रसिंह निवासी बसई थाना सुवासरा पर मामला दर्ज किया है।

### 30 लीटर अवैध शराब जब्त,300 ली.लहान नष्ट

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बोरवनी में दबिश देकर आरोपी गोकुल सिंह सौंधिया (38) पिता बलवन्त सिहं सौधिया राजपूत निवासी ग्राम बोरवनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब जब्त की और मौके पर ही 300 लीटर शराब बनाने का कच्चा लहान नष्ट किया।

# अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### विद्युत विभाग एवं अभिभाषक संघ (बी) की टीम हुई विजय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा आयोजित चार दिवसीय अधिकारी कर्मचारी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय अमला रोड पर किया गया। पहले दिन चार मुकाबले हुए जिसमें अभिभाषक संघ, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग एवं अभिभाषक संघ (बी) की टीमें विजय हुई। प्रतियोगिता की शुरूआत अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर, पुलिस एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला महामंत्री श्याम शर्मा, नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटोदी, वरिष्ठ अभिभाषक कैलाश वाघेला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुयश श्रीवास्तव, प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. नरेंद्रसिंह राजावत, महाविद्यालय प्राचार्य सुनील उदीवाल, प्रेमचंद द्वितीय, बालाजी फाइनेंस के गौरव जैन उपस्थित थे। सभी का स्वागत संस्था अध्यक्ष हेमंत माथुर, अभिभाषक संघ अध्यक्ष करण राठौड़, पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष जयेश आचार्य द्वारा किया गया।

**विजेता टीमों को यह पुरुस्कार मिलेगा-** प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 11 हजार 111 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह एड. कैलाशचंद वाघेला,



द्वितीय पुरस्कार 7 हजार 777 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह ग्राम बंगरेड सचिव लखन यादव ,तृतीय पुरस्कार 5 हजार 555 व प्रतीक चिन्ह एड. एमएल. यादव एवं चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार 555 व प्रतीक चिन्ह पार्षद विजयंत गोसर द्वारा तथा प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच अचल टोंग्या की अरबसे 501 रुपए, बेस्ट बॉलर ऑफ टूनामेंट में 1100 रुपए एड. शिवराज पंड्या तथा सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपए एड. तरुण गिरी की और से पुरस्कृत किया जाएगा।



### दशपुर जागृति संगठन मनाएगा स्थापना दिवस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

क्रांतिकारियों को समर्पित दशपुर जागृति संगठन 11 जनवरी को अपना 16वां स्थापना दिवस मनाएगा। अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने बताया कि मैनपुरिया चौराहा पर महामृत्युंजय यज्ञ और मंचीय कार्यक्रम होगा। समारोह में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर पर सामाजिक व शासकीय क्षेत्र के नायकों द्वारा 16 मशालें प्रज्जवलित की जाएंगी।

### राज्य स्तरीय दिशा समिति में सांसद श्री गुप्ता सदस्य मनोनीत

**मन्दसौर।** संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय दिशा समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता वाली यह समिति सरकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और बजट के सही उपयोग की निगरानी करती है। सांसद गुप्ता ने इस नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा में एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत होने के पश्चात पुलिस ने जांच पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलौदा थाना पुलिस ने मर्ग क्र. 2/26 की जांच पर पाया कि घटना दिनांक 2 जनवरी की रात एक तीन पहिया वाहन को दलौदा तरफ से रांग साइड से आ रही कार नं. एमपी 14 सीबी 1539 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर टक्कर मार दी।

# कांग्रेस 11 जनवरी को इंदौर में प्रदेश स्तरीय न्याय यात्रा निकालेगी

### हर घर जल अब हर घर मल योजना बनी- जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुर्जर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर




प्रदेश भर में पेयजल संकट और दूषित पानी से हो रही मौतों को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने भाजपा सरकार और नगर निकायों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान विधायक विपिन जैन व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत भी उपस्थित रही।

श्री गुर्जर ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण अब तक 20 से अधिक मौतें हो चुकी हैं और सैकड़ों लोग अस्पतालों में भर्ती हैं, जो च्ट्रिपल इंजनज सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है।

श्री गुर्जर ने कहा कि देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर आज सीवर मिश्रित जहरीला पानी पीने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाइपलाइनों के लीकेज और 2022 में स्वीकृत ठेकों पर काम न होना भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की ओर इशारा करता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से सवाल किया कि आखिर एशियन डेवलपमेंट बैंक से मिले करोड़ों के ऋण का उपयोग कहां हुआ और जनता की शिकायतों को महीनों तक नजरअंदाज क्यों किया गया।

मन्दसौर में भी गहरा खतरा- जिला अध्यक्ष श्री गुर्जर ने मंदसौर की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यहां भी कई स्थानों पर दूषित पानी की समस्या बढ़ रही है। प्रशासन ने बैठकें तो कीं, लेकिन जमीनी स्तर पर जनप्रतिनिधियों ने जल स्त्रोतों की सुध नहीं ली। रामघाट और कालाभाटा जैसे डैम की सफाई और पुरानी पाइपलाइनों को बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे मंदसौर में भी इंदौर जैसी त्रासदी का खतरा बना हुआ है।

कांग्रेस ने मांग रखी कि प्रधानमंत्री कार्यालय से इस पूरे मामले की तत्काल जांच कराई जाए। दोषी अधिकारियों और नेताओं पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज हो। प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा और मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जाए। मंदसौर सहित पूरे प्रदेश में जलापूर्ति का ऑडिट कर पुरानी पाइपलाइनों को तुरंत बदला जाए।

**11 जनवरी को इंदौर में शक्ति प्रदर्शन**

श्री गुर्जर ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 11 जनवरी को सुबह 11 बजे इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर से राजवाड़ा चौक तक च्प्रदेश स्तरीय न्याय यात्राज निकाली जाएगी। इसमें राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने मंदसौर जिले के कांग्रेसजनों इस यात्रा में शामिल होने की अपील की।

### तीन छत्री बालाजी धाम में सजेगा तुलसी-शालिग्राम विवाह का मंडप

**मन्दसौर।** खानपुरा स्थित श्री तीन छत्री बालाजी धाम में 10 से 14 जनवरी तक भव्य तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव- आयोजित होगा। महंत रामकिशोर दास जी महाराज ने बताया कि महोत्सव की शुरूआत शनिवार को सुंदरकांड पाठ से होगी। 14 जनवरी को मीरा भक्ति आश्रम से भगवान शालिग्राम जी की बारात गाजे-बाजे के साथ निकलेगी, जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण होगा।

# दुर्लभ बेड सेंड बोआ सांप की तस्करी करते तीन गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

वन विभाग की टीम ने दुर्लभ वन्यप्राणी च्रेड सेंड बोआ (दोमुंहा सांप) की अवैध तस्करी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए आरोपी मंदसौर, रतलाम और नीमच जिले के रहने वाले हैं। विभाग ने आरोपियों के कब्जे से एक बेशकीमती सांप और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

वन मंडलाधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति भालोट रोड पर वन्यप्राणी की खरीद-फरोख्त करने वाले हैं। सूचना के आधार पर गठित विशेष दल ने हवाई पट्टी के पास एक खेत में घेराबंदी की। यहाँ थैले में सांप छिपाए बैठे तस्करों को पकड़ा गया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान एक आरोपी वरसिंह मौके से भागने में सफल रहा, जिसकी



तलाश जारी है।

मौके से बद्रीलाल निवासी जेठाना, रतलाम और नवीन जैन (निवासी खानपुरा, मंदसौर) को गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ के आधार पर तस्करी में शामिल तीसरे आरोपी कौसर बेग निवासी नीमच को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 3832/11 दर्ज किया गया है। जब्त किए गए रेड सेंड बोआ को माननीय न्यायालय की अनुमति के बाद उसके प्राकृतिक आवास (जंगल) में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। शुक्रवार को माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मंदसौर ने तीनों आरोपियों को 20 जनवरी तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया है। वन विभाग के अनुसार, उक्त दुर्लभ सांप की तस्करी करने वालों को 3 से 7 वर्ष के कारावास और न्यूनतम 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल करेंगे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 10 जनवरी को विधायक सभागृह बरबड़ में होगा। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेवाल रहेंगे। अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप करेंगे। विशेष अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय रहेंगे। समारोह में करीब 2500 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

फाउंडेशन अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। 93 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 121 मेधावी विद्यार्थी अतिथियों के साथ मंच साझा करेंगे। सभी मेधावी विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में रिस्ट वॉच एवं शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थी अपने कूपन साथ लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। चेतन्य काश्यप फाउंडेशन वर्ष 2014 से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। अब तक हजारों बच्चें इसमें सम्मानित हो चुके है। प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

समिति के सर्व श्री शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश सोनी एवं आनंद जैन ने समस्त मेधावी विद्यार्थी एवं उनके परिजनों को उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

## खबर एक नज़र...

### स्वस्थ भारत,नशा मुक्त समाज तथा मेंटल हेल्थ पर व्याख्यान संपन्न

मनावर। शासकीय महाविद्यालय मनावर में आज दिनांक 9 जनवरी को भारत सरकार के आदेश एवं मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. पाटैल तथा एनसीसी अधिकारी डॉ. मानसिंह अजनार एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ योजना अधिकारी प्रो. मुवेल के नेतृत्व में भारत सरकार की आत्महत्या रोकथाम रणनीति योजना के तहत डॉ. अखिलेश रावत जी के द्वारा देश में छात्रों की बिगड़ती मानसिक स्थिति एवं परीक्षा संबंधी भय को दूर करने हेतु व्याख्यान दिया गया। उक्त व्याख्यान में डॉ. रावत द्वारा एंज़ाइटी एवं डिप्रेशन से संबंधित विभिन्न स्टेज के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के 200 से अधिक छात्र छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ससत्या, डॉ. कवचे, डॉ. मुवेल , प्रो. राठौर एवं डॉ. गोखले , डॉ. सोलंकी , प्रो. बर्मन के साथ समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मानसिंह अजनार एवं आभार डॉ. सरदार सिंह जामोद द्वारा व्यक्त किया।

### ग्राम लोखंडिया में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

बुरहानपुर। बुरहानपुर के ग्राम लोखंडिया के मोती माता मंदिर मेले में ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 2 जनवरी से 7 जनवरी तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर में मरीजों की प्राथमिक जाँच, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। साथ ही, मेले की संपूर्ण अवधि के दौरान 24x7 इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा भी तैनात रही, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा सके। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कबीर चौकसे (मैनेजिंग डायरेक्टर, ऑल इज वेल हॉस्पिटल) के दिशा-निर्देश में किया गया। स्थानीय नागरिकों ने ऑल इज वेल हॉस्पिटल की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की और इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।

### नेपानगर के असीरगढ़ में 2600 करोड़ के विकास की सौगात

नेपानगर। नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आज ऐतिहासिक असीरगढ़ में एक बड़ी विकास सौगात का आयोजन हुआ, जहां मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री और बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री, तुलसी सिलावट का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेपानगर की लोकप्रिय विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादू, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण और युवा साथी उपस्थित रहे। इस आयोजन में नेपानगर विधानसभा को 2600 करोड़ की विकास सौगात प्रदान की गई, जिसमें सिंचाई परियोजनाएं, सड़क निर्माण, और अन्य विकास कार्य शामिल हैं। विधायक मंजू दादू ने बताया कि इन परियोजनाओं से हजारों किसान लाभान्वित होंगे, खेतों को नियमित पानी मिलेगा, भू-जल स्तर सुधरेगा और खेती फायदे का सौदा बनेगी।

### दर्शन मण्डलोई ने प्रथम प्रयास मे एआईबीई की परीक्षा पास की

बाग। जनजाति बाहुल्य जनपद पंचायत बाग की ग्राम पंचायत आगर के निवासी युवा अधिवक्ता दर्शन मण्डलोई ने प्रथम प्रयास मे,द्रूकश्व की पास करने कर अपने माता-पिता एवं परिवार का नाम रोशन किया है। आपको बता दे कि एआईबीई कि परीक्षा विधि मे स्नातको के लिए बार कॉउंसलिंग ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। यह परीक्षा,यह सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की जाती है कि अभ्यार्थीयों के पास कानूनी पेशे मे आवश्यकत बुनियादी ज्ञान और कौशल है।भारत मे वकालत हेतू ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन पास करना अनिवार्य है इसे उतीर्ण कर लेने के बाद भारतीय बार परिषद, अभ्यर्थियों को 'प्रक्टिस का प्रमाणपत्र' देती है।

## टंट्या मामा की मूर्ति स्थापित करने में भारी भ्रष्टाचार

### धातु या पत्थर की मूर्ति लगाने की बजाय फाइबर की लगा दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन



नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा विगत दिनों बिष्टान रोड तिराहे पर टंट्या मामा की मूर्ति स्थापित करने में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। जिसकी जांच को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि नाईक प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्टर खरगोन से मिलकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

इस अवसर पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा की नगर पालिका परिषद खरगोन की 24.9.2025 को पीआईसी की बैठक में संगमरमर पत्थर या धातु की मूर्ति लगाया जाना तय हुआ था। विज्ञप्ति भी नगर पालिका परिषद खरगोन ने धातु या पत्थर की मूर्ति हेतु निकाली गई। कलेक्टर कार्यालय खरगोन द्वारा भी नगर पालिका परिषद को पत्थर अथवा धातु की मूर्ति लगाने का निर्देश दिया गया था। नगर पालिका परिषद खरगोन ने विज्ञप्ति के बाद पिनाक ट्रेडिंग कंपनी खरगोन से 9,90,000 रुपये में टंट्या मामा की मूर्ति खरीदना तय किया गया मगर जब टंट्या मामा की मूर्ति स्थापित की गई तो वह ना धातु की थी ना पत्थर की बल्कि फाइबर की मूर्ति वहां पर स्थापित कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कि जब मूर्ति संबंधित फर्म से नगर पालिका परिषद ने प्राप्त की और उसका भौतिक सत्यापन किया होगा तब भी नगर पालिका परिषद ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया इसका अर्थ है कि नगर पालिका परिषद में इस कार्य हेतु जिम्मेदार लोगों ने जानबूझकर इसमें भ्रष्टाचार किया है। जिसको लेकर समाचार पत्रों में समाचार भी प्रकाशित हुए।

उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा अपने ही द्वारा तय किए गए मापदंडों का उल्लंघन किया गया साथ ही कलेक्टर कार्यालय खरगोन के दिशा निर्देशों का भी उल्लंघन करते हुए टंट्या मामा की मूर्ति में भारी भ्रष्टाचार किया गया जो की प्रथम दृष्टि में आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।

उन्होंने कलेक्टर महोदया से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि इस मामले पर कार्यवाही नहीं करी तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस महासचिव जितेंद्र भावसार, जिला प्रवक्ता राजेश मंडलोई, युवा नेता सौरभ निखोरिया और मांगीलाल मोरे शामिल थे।



## प्रदीप गादिया भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री नियुक्त

टांडा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमती से भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने भाजपा नेता प्रदीप गादिया को जिला सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। गादिया टांडा क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता है जिनकी क्षेत्र में अच्छी पकड़ है बचपन से ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओ के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करते आ रहें है। गादिया के पास वर्तमान में भाजपा टांडा नगर अध्यक्ष का पद भी है। वही शुक्रवार को नव नियुक्त जिला भाजपा महामंत्री महेंद्र मेरती तथा जिला सह कार्यालय मंत्री प्रदीप गादीया का टांडा मंडल के कार्यकर्ताओ ने साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी,महामंत्री जड़ाव सिंह मंडलोई,अनुराग सचान,कमल सोलंकी,किशन जाली ,सुनील नरवाली,,भुरू जाली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वार्षिक उसत्व अभिव्यक्ति 2026 की शुरूआत विशाल मशाल रैली से की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर द्वारा अपने 24 वें वार्षिक उसत्व अभिव्यक्ति 2026 की विधिवत शुरूआत विशाल मशाल रैली से की गई । प्रतिवर्ष की परम्परा अनुसार मां नर्मदा के तट पर महाविद्यालय परिवार अपने सभी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित हुआ।

पुण्य सलिला मां नर्मदा का पूजन वंदन महाविद्यालय संचालक बी एम पाटीदार , अकादमिक संचालक संजय गर्ग और सह संचालक प्रीतेश पाटीदार ने किया। विद्यार्थियों के साथ सभी ने मां नर्मदा की आराधना नर्मदा अष्टक का गायन कर की। मशाल रैली के लिए मशालों का प्रज्वलन संचालक बी एम पाटीदार द्वारा किया गया। जिसे विश्व विद्यालय की प्रवीण्य सूची में अव्वल आए होनहार विद्यार्थियों को सौंपी गई। धावक और सभी विद्यार्थी इन्हें अपने पूर्ण अनुशासन से भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों का उदघोष करते हुए मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए बड़वाह धामनोद मार्ग से महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक प्रवेश किया । सर्वप्रथम उपस्थित विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि से धावकों का साथ सभी भागीदार विद्यार्थियों का स्वागत किया।

महाविद्यालय परिसर में बी एम पाटीदार और संजय गर्ग द्वारा मां सरस्वती और लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र का पूजन माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बी एम पाटीदार ने कहा कि आपका अपना महाविद्यालय सम्पूर्ण निमाड़ छेत्र में अनुशासन और अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। आप सभी विधार्थी अधिक से अधिक प्रतियोगिताओ में भाग लेकर अपनी जीत सुनिश्चित करेंगे।

## कृषि अधिकारियों के संयुक्त दल ने किया ग्रामों का भ्रमण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

शीतलहर और अत्यधिक ठंड के चलते जिले में फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्रित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.के. यादव, परियोजना संचालक आत्मा श्री दादू सिंह मौर्य तथा परियोजना उपसंचालक आत्मा श्री बी.एस. बघेल के संयुक्त दल ने आज आलीराजपुर जिले के खारकुआं, मयाला, बेगड़ी, खरपाई, राजावाट सहित विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान संयुक्त दल ने गेहूं, चना, मक्का, बाजरा आदि फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। बुआई के अनुसार फसलों में फूल, फल, कल्ले, बालियां एवं भुट्टों की स्थिति अच्छी पाई गई, जिससे किसानों में संतोष का माहौल देखा गया।

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले की कृषि सखियों को नवाचार के तहत प्रदाय किए गए कुसुम फसल के बीजों से उगाई गई फसल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कुसुम फसल की स्थिति संतोषजनक पाई गई तथा यह फसल जिले में अधिक आमदनी प्राप्त करने के लिए उपयुक्त बताई गई। इस दौरान संयुक्त दल ने ग्रामों के कृषकों की फसल संबंधी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही समाधान भी बताया। वैज्ञानिकों द्वारा कीट प्रबंधन के लिए आवश्यक सलाह दी गई। मक्का फसल में तने की इल्ली के नियंत्रण हेतु इमामेक्टिन बेंजोएट 10 ग्राम प्रति पंप छिड़काव की सलाह दी गई।चना फसल में इल्ली के प्रकोप पर प्रोफेनोफॉस कीटनाशक 45 मिली प्रति पंप छिड़काव करने को कहा गया।वहीं सब्जी फसलों में माहू सहित अन्य रस चूसक कीटों के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 7 से 10 मिली प्रति पंप छिड़काव करने की सलाह दी गई।

## सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर जिले को दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिससे 132 ग्रामों के 34,400 किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहितैषी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतार रही है।

नावथा वृहद् सिंचाई परियोजना और झिरमिटी मध्यम सिंचाई परियोजना से किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। नावथा परियोजना से नेपानगर तहसील के 90 ग्रामों की 34.100 हे. क्षेत्र में सिंचाई होगी, जबकि झिरमिटी परियोजना से खकनार तहसील के 42 ग्रामों की 17,700 हे. क्षेत्र में सिंचाई होगी। प्रभारी मंत्री सिलावट ने शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पानी की टंकियों की नियमित सफाई, पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना और टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री सिलावट ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को युद्धस्तर पर सुव्यवस्थित कार्ययोजना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने इंदौर के भागीरथपुरा में हुई घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए नगर निगम को जागरूकता, समन्वय और सांमजस्य के साथ भविष्य की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए।

## दो क्विंटल पालीथीन जब्त की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

नगर पालिका के स्वच्छता अमले द्वारा शहर के बस स्टैंड पर काकू बस क्र. एमपी 11 पी 2299 से अवैध रूप से परिवहन हो रही लगभग 2 क्विंटल अमानक पॉलीथीन जब्त की है। इस दौरान बस चालक एवं परिचालक द्वारा पॉलीथीन के विषय में अनभिज्ञता जाहिर की गई। जिस पर उन्हें चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की अवैध पॉलीथीन एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के परिवहन पर जुर्माना आरोपित कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए अवकाश घोषित

बड़वानी। प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन के लिए वर्ष 2026 में 52 रविवार के अतिरिक्त शेष 13 दिवस का अवकाश स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आरएस गुण्डिया से प्राप्त जानकारी अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति का, 3 मार्च को होली का, 27 मार्च को रामनवमी का, 3 अप्रैल को गुड फ्रायडे , 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा का, 26 जून को मोहर्रम का, 28 अगस्त को रक्षाबंधन का, 4 सितम्बर को जन्माष्टमी का, 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी का, 20 अक्टूबर को दशहरा का, 29 अक्टूबर को करवा चौथ पर्व का, 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा का तथा 24 नवंबर को गुरुनानक जयंती का अवकाश घोषित किया गया है।

# उदयपुर में कृति सेनन की बहन की शादी, फंक्शन शुरू



## यश की टॉक्सिक के फैन बने रामू-संदीप रेड्डी वांगा

### आरजीवी बोले- कोई मेल डायरेक्टर इस तरह फिल्म नहीं शूट कर सकता जैसा गीतू मोहनदास ने किया

एक्टर यश के जन्मदिन के मौके पर उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' का टीजर रिलीज किया गया है। लगभग तीन मिनट के इस टीजर में भरपूर एक्शन है। टॉक्सिक के टीजर की न सिर्फ फैंस बल्कि इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी खूब तारीफ कर रहे हैं। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने टीजर पर रिएक्शन देते हुए डायरेक्टर गीतू मोहनदास को 'वीमेन एम्पावरमेंट का प्रतीक बताया है।

राम गोपाल वर्मा ने अपने एक्स अकाउंट पर गीतू की एक फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक का ट्रेलर देखने के बाद मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि गीतू मोहन महिला सशक्तिकरण की साक्षात प्रतीक हैं। कोई भी मेल डायरेक्टर इनकी तरह डायरेक्शन नहीं कर सकता है, जैसा इन्होंने इस फिल्म में किया है। मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा कि उन्होंने इस फिल्म की शूट किया है।' वहीं संदीप रेड्डी वांगा और करण जौहर ने भी टॉक्सिक के टीजर पर रिएक्शन देते हुए इसकी तारीफ की है।

करण जौहर ने इंस्टाग्राम स्टोरी टीजर को शेयर करते हुए लिखा- वाह... जन्मदिन की क्या शानदार घोषणा है। वाकई कमाल। यश जन्मदिन मुबारक हो और यह बहुत बढ़िया है। वहीं, फिल्म 'एनिमल' के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने ट्वीट किया- 'टॉक्सिक का टीजर देखकर मैं दंग रह गया। स्टाइल। एटीट्यूड। तबाही। यश को जन्मदिन की शुभकामनाएं।'

टॉक्सिक की बात करें तो गीतू मोहनदास ने फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी गीतू मोहनदास के साथ यश ने लिखी है। यश इस फिल्म में मेन लीड भी हैं और वो एक गैंगस्टर की भूमिका में हैं।

**रैफल्स होटल में 3 दिन होंगी रस्में, बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री के कई स्टार आएंगे**









बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नूपुर की शादी के फंक्शन आज से उदयपुर में शुरू हो गए है। नूपुर और सिंगर स्टेबिन बेन लेकसिटी के रैफल्स होटल में 11 जनवरी को शादी के बंधन में बंधेंगे। कृति सेनन, नूपुर और स्टेबिन बेन अपने-अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ बुधवार (7 जनवरी) शाम को ही रैफल्स होटल पहुंच गए थे। बता दें कि रैफल्स में भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी संधु, भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या समेत कई हाईप्रोफाइल शादियां हो चुकी है।

**शादी के फंक्शन आज से शुरू-** नूपुर और स्टेबिन बेन के शादी के फंक्शन रेफल्स होटल में आज से शुरू हो गए है। आज और कल मेहंदी, हल्दी और संगीत का प्रोग्राम है। इसके लिए होटल में अलग-अलग थीम पर सजावट होगी। 11 जनवरी को दोनों 7 फेरे लेंगे। शादी में शामिल होने के लिए बॉलीवुड और टीवी के कई स्टार के आने की संभावना है। टीवी एक्टर हुसैन कुवाजेवार्ला भी गुरुवार को उदयपुर पहुंचे थे। फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से भी कई स्टार के आने की संभावना है। होटल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। होटल स्टाफ को भी शादी के सभी फंक्शन की जानकारी सीक्रेट रखने को कहा है।

### कृति सेनन के बॉयफ्रेंड कबीर लाइमलाइट में

शादी में शामिल होने कृति सेनन के बॉयफ्रेंड कबीर भी आए है। उन्हें बुधवार को कृति और उनके परिवार के साथ ही उदयपुर पहुंचे थे। कृति और कबीर को एक साथ उदयपुर एयरपोर्ट से निकलते हुए देखा गया था।

### होटल राफेल में हो चुकी हाईप्रोफाइल शादियां

होटल रैफल्स में कई हाईप्रोफाइल शादियां हो चुकी है। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी संधु, भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या, हरियाणा के भाजपा विधायक भव्य बिश्नोई और राजस्थान की रहने वाली क्क्षर परी बिश्नोई की शादी भी यहां हो चुकी है।



## प्रिंस नरूला ने बताई गिरफ्तारी के वायरल वीडियो की सच्चाई

### एक्टर बोले- वीडियो ब्रांड शूट का हिस्सा था, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया

एक्टर प्रिंस नरूला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें पुलिस के साथ ले जाते हुए देखा जा रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि दिल्ली पुलिस ने प्रिंस को गिरफ्तार किया है। हालांकि, एक्टर ने गुरुवार को इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए इस खबर को गलत बताया है। टेलीचक्कर से बात करते हुए प्रिंस ने इस वीडियो को लेकर कहा, यह एक ब्रांड शूट का हिस्सा था। मुझे गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने साफ किया कि वायरल वीडियो किसी शूट का सीन था।

दरअसल, प्रिंस का जो वीडियो वायरल हुआ, उसको लेकर सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि एक्टर को दिल्ली में एक मस्जिद (अवैध निर्माण) हटाने के दौरान हुए विवाद के संबंध में या भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**कौन हैं प्रिंस नरूला-** प्रिंस को टीवी इंडस्ट्री में रियलिटी शो के किंग के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में कई बड़े रियलिटी शो जीतकर पहचान बनाई है। प्रिंस साल 2015 में एमटीवी रोडीज 2 के विनर रहे। उसी साल उन्होंने एमटीवी स्प्लिट्सविला 8 भी जीता। फिर 2015-16 में उन्होंने बिग बॉस 9 जीतकर जीत की हैट्रिक पूरी की। साल 2019 में उन्होंने अपनी पत्नी युविका चौधरी के साथ नच बलिए 9 जीता।

एक्टिंग की बात करें तो उन्होंने टीवी शो बढ़ो बहू में लीड रोल निभाया था। वह लंबे समय तक एमटीवी रोडीज के साथ एक गैंग लीडर के तौर पर भी जुड़े रहे हैं। हालांकि, इन दिनों प्रिंस नरूला टीवी से दूर हैं। वह इस समय अपने सिंगिंग करियर पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पहले भी कई गाने किए हैं और अब म्यूजिक पर ज्यादा काम कर रहे हैं। उन्होंने हैलो हैलो, फॉल और शुकराना जैसे गाने गाए हैं।

## हिमाचली मॉडल बोलीं- सिंगर ने रूम शेयर करने को कहा

**वाइन भी पीनी होगी; खाची बोले- चंडीगढ़ में शूट होना था, मैंने ऐसा नहीं कहा**

हिमाचल प्रदेश की मॉडल रितू खूंद ने पहाड़ी सिंगर विकेश खाची पर गंभीर आरोप लगाए। रितू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो शेयर कर कहा- विकेश खाची ने साथ काम करने के बहाने मुझसे संपर्क किया। इसके बाद मुझे रूम शेयर करने और साथ वाइन पीने को कहा।

हालांकि इस मामले को लेकर जब विकेश खाची से बात की तो उन्होंने कहा कि मैंने किसी तरह का गलत प्रस्ताव नहीं दिया और न ही किसी को आपत्तिजनक तरीके से मैसेज किया। जिस शूट की बात हो रही थी, वह चंडीगढ़ में होना था। फिलहाल रितू खूंद की तरफ से मामले की शिकायत पुलिस को नहीं दी गई है। अब जानिए रितू खूंद ने वीडियो में विकेश पर क्या आरोप लगाए....



**विकेश ने इंस्टाग्राम पर संपर्क किया-** रितू ने वीडियो में कहा- विकेश खाची ने 3 जनवरी की सुबह मुझसे इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क किया और वीडियो शूट कराने का ऑफर दिया। मैं मॉडल हूं और कई गाने शूट कर चुकी हूं, इसलिए विकेश खाची का ऑफर मान लिया। मैंने विकेश को अपना बजट बताया ओर गाने को लेकर अन्य डिटेल मांगी। जब वीडियो शूट के लिए ड्रैस के बारे में पूछा तो विकेश ने कहा कि ड्रैस रास्ते में ही खरीदेंगे।

**पूछा- वाइन तो पीते होंगे-** रितू ने आगे बताया कि विकेश ने मुझसे पूछा कि आपने अब तक किन-किन के साथ काम किया है? मैंने उन सभी कलाकारों के नाम बताए। इसके बाद सिंगर ने पूछा कि आप वाइन तो पीते होंगे? इस पर मैंने इनकार कर दिया। फिर विकेश ने कहा कि हम लंबे रास्ते पर जा रहे हैं तो कंप्रोमाइज तो करना पड़ेगा, रूम शेयर करना होगा और वाइन भी पीनी पड़ेगी।

### टैलेंट के दम पर पैसे कमाती हूं

रीतू ने कहा कि विकेश की यह बात सुनने के बाद मैं भड़क गई। मैंने उससे कहा कि मैं न शराब पीती और न ही रूम शेयर करूंगी। चाहे इसके लिए करोड़ों रुपए क्यों न दे? मैं ऐसी लड़की नहीं हूं। मैं एक प्रोफेशनल मॉडल हूं। अब तक कई म्यूजिक वीडियोज और प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुकी हूं। मैं अपने टैलेंट के दम पर काम और पैसा कमाती हूं, न कि किसी तरह का गलत समझौता करके।

### कलाकार का सम्मान काम से हो

रितू ने आरोप लगाया कि जब मुझे इस तरह की बात कही गई तो मैं मानसिक रूप से आहत हुईं। इसी वजह से मैंने अपनी बात सार्वजनिक रूप से रखने का फैसला किया। एक कलाकार का सम्मान उसके काम से होना चाहिए, न कि इस तरह के दबाव और शर्तों से। मैं अपना शरीर बेचकर पैसा नहीं कमाना चाहती।

### 'मेरे खाणी अ जलेबी' नाटी से फेमस हुआ

सिंगर विकेश खाची शिमला जिला के कुमारसैन के रहने वाले हैं। विकेश खाची 'मेरे खाणी अ जलेबी' नाटी से सबसे फेमस हुए। उनकी अब तक 50 से ज्यादा नाटियां रिलीज हो चुकी हैं। रितू खूंद भी कई नाटियों में अभिनय कर चुकी हैं। वह भी शिमला जिले की रहने वाली हैं।

### मुंबई को 3 विकेट से हराया, डी क्लर्क ने आखिरी 4 बॉल पर लगातार 2 चौके 2 छक्के लगाए

# बेंगलुरु ने डब्ल्यूपीएल का पहला मैच जीता



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में जीत से शुरूआत की है। टीम ने इस सीजन के पहले मैच में पिछले साल की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराया।

डीवाय पाटील स्टेडियम में बेंगलुरु ने 155 रन का टारगेट 20 ओवर में 7 विकेट पर चेज कर लिया। टीम को आखिरी 4 गेंद पर 18 रनों की जरूरत थी। नदीन डी क्लर्क ने लगातार 4 बाउंड्री लगाकर टीम को जीत दिलाई। इनमें दो चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

डी क्लर्क की फिफ्टी, रेड्डी के साथ 52 रन की साझेदारी एक समय बेंगलुरु ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से नदीन डी क्लर्क और अरुंधति रेड्डी (20 रन) ने 52 रन की संघर्षपूर्ण साझेदारी करके मैच जिताया। डी क्लर्क ने 44 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। इनमें 7 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।



**सजना कैरी ने मुंबई का स्कोर 150 पार पहुंचाया-** मुंबई की एस सजना (45 रन) और निकोला कैरी (40 रन) ने 49 बॉल पर 82 रन की साझेदारी करके टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। ओपनर जी कमलिनी ने 32 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 20 रन बनाए। नदीन डी क्लर्क ने 4 विकेट झटके। लौरेन बेल और श्रेयांका पाटील को एक-एक विकेट मिला।

ओपनिंग सेरेमनी में जैकलिन, हनी सिंह ने परफॉर्म किया मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी में गायक हनी सिंह और बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस ने परफॉर्म किया। इस दौरान मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी मौजूद रहीं।

## डब्ल्यूपीएल में आज दूसरा मुकाबला एमआई-डीसी

### हार के बाद वापसी चाहेगी मुंबई, रॉड्रिग्ज की कप्तानी में दिल्ली करेगी सीजन का आगाज

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग के चौथे सीजन में आज पहला डबल हेडर मुकाबला खेला जाएगा, यानी एक ही दिन में दो मैच होंगे। दिन के दूसरे मैच में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला शाम 7:30 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीजन के शुरूआती 11 मैच इसी स्टेडियम में खेले जाएंगे।




वहीं, दिन के पहले मैच में गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्ज की टीमें भिड़ेंगी। यह मैच दोपहर 3:30 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में ही खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह इस सीजन का पहला मुकाबला होगा। टीम की कप्तानी जेमिमा रॉड्रिग्ज कर रही हैं। वहीं हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस का यह दूसरा मैच होगा। मुंबई को अपने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। एमआई-डीसी का पलड़ा अब तक बराबर मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच डब्ल्यूपीएल में अब तक कुल 8 मुकाबले खेले गए हैं। इन मैचों में दोनों टीमों का प्रदर्शन बराबरी का रहा है। मुंबई इंडियंस ने 4 मैच जीते हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स को भी 4 मुकाबलों में जीत मिली है।

## नाबालिग शूटर से रेप आरोपी नेशनल कोच सस्पेंड



### 21 दिन सदमे में रही, बोली- परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद के होटल में बुलाया

ब्रह्मास्त्र ›› फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद की एक नाबालिग शूटर ने कोच पर रेप का आरोप लगाया है। शूटर का कहना है कि कोच ने उसकी परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद के फाइव स्टार होटल के रूम में बुलाकर उसके साथ रेप किया। इस घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने की भी धमकी दी। नाबालिग करीब 21 दिनों तक सदमे में रही। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। 6 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरीदाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में होटल के स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है। उधर, मामले में संज्ञान लेते हुए नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आरोपी कोच अंकुश भारद्वाज को सस्पेंड कर दिया है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं होगी, अंकुश सस्पेंड रहेंगे। शूटिंग प्रतियोगिता चल रही थी: नोएडा की एक कॉलोनी की रहने वाली नाबालिग शूटर ने 6 जनवरी को फरीदाबाद के एनआईटी महिला पुलिस स्टेशन में कोच अंकुश भारद्वाज के खिलाफ रेप की शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 16 दिसंबर को दिल्ली की डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज में एक नेशनल लेवल की शूटिंग प्रतियोगिता चल रही थी।

## तिलक वर्मा की सर्जरी हुई 3 न्यूजीलैंड टी-20 से बाहर

### वर्ल्डकप टीम में भी शामिल, एशिया कप में भारत को चैंपियन बनाया था

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत को चैंपियन बनाने वाले तिलक वर्मा की सर्जरी हुई है। बीसीसीआई ने कन्फर्म किया कि तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के शुरूआती 3 मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। सीरीज 21 जनवरी से शुरू होगी।

एशिया कप फाइनल में तिलक ने नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेली थी और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी चोट को टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वर्ल्ड कप के शुरूआती एक-दो मैचों में भी उनके खेलने पर संदेह बना हुआ है।

टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या 7 जनवरी की सुबह राजकोट में नाश्ता करने के बाद तिलक को शरीर के निचले हिस्से में अचानक तेज दर्द हुआ। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद उनकी सर्जरी की गई। उस समय तिलक विजय हजारे ट्रॉफी के लिए हैदराबाद टीम के साथ राजकोट में थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि दर्द के बाद उन्हें तुरंत गोकुल अस्पताल ले जाया गया। जांच और स्कैन में पता चला कि तिलक को टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या हुई थी, जिसमें अचानक बहुत तेज दर्द होता है। डॉक्टरों ने बिना देरी किए सर्जरी की सलाह दी।

**तिलक की सर्जरी सफल रही-** हमने अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह



ली और वे भी सर्जरी के फैसले से सहमत थे। तिलक की सर्जरी सफल रही है और अब उनकी हालत ठीक है। उन्होंने आगे बताया कि मेडिकल पैनल से चर्चा के बाद तिलक की रिकवरी और मैदान पर वापसी के संभावित समय को लेकर जैसे ही कोई जानकारी मिलेगी, उसे साझा किया जाएगा।

**यही टीम टी-20 वर्ल्ड कप में भी खेलेगी-** न्यूजीलैंड के खिलाफ चुनी गई भारतीय टीम को ही टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी चुना गया है। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 7 फरवरी को कोलंबो में होगी, जहां पहला मैच पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच खेला जाएगा। इसी दिन भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला यूएसए के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेलेगी।

टूर्नामेंट का फाइनल 8 मार्च 2026 को खेला जाएगा, जबकि फाइनल का वेन्यू बाद में घोषित किया जाएगा।

## बांग्लादेश ने फिर भारत से मैच शिफ्ट करने को कहा

### 5 दिन में आईसीसी को दूसरी चिट्ठी लिखी, मुस्तफिजुर को आईपीएल से हटाने पर विवाद

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को 5 दिन में दूसरा पत्र भेजकर टी-20 वर्ल्ड कप के अपने मैच भारत की बजाय श्रीलंका में कराने की मांग की है। बोर्ड ने इसके पीछे सुरक्षा संबंधी चिंताओं को कारण बताया है। इससे पहले 4 जनवरी को पहली बार आईसीसी से वर्ल्ड कप मैच के वेन्यू बदलने की अपील की गई थी।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होना है। बांग्लादेश को ग्रुप लीग में कुल चार मैच खेलने हैं, जिनमें से तीन मैच कोलकाता और एक मैच मुंबई में तय हैं। लेकिन बांग्लादेश टीम के अब तक भारत जाने से इनकार कर दिया है, जिससे टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले ही उनकी भागीदारी पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बांग्लादेश सरकार की सख्त भूमिका रिपोर्ट्स के मुताबिक,यह ताजा पत्र खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ चर्चा के बाद भेजा गया है। नजरुल इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया,'आईसीसी ने सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का पूरा ब्योरा मांगा था, जिसे इउइ ने विस्तार से साझा किया है।' हालांकि, इन चिंताओं का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लाट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547


अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## 15 जनवरी को खुला रहेगा शेयर बाजार

# महाराष्ट्र में छुट्टी के बावजूद जारी रहेगी ट्रेडिंग




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में निकाय चुनावों की छुट्टी के बावजूद 15 जनवरी को शेयर बाजार में ट्रेडिंग जारी रहेगी, लेकिन यह एक सेटलमेंट हॉलिडे होगा। जानें 14 और 15 जनवरी के ट्रेडों के लिए संशोधित सेटलमेंट शेड्यूल और 2026 का हॉलिडे कैलेंडर।

महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के चलते 15 जनवरी को घोषित सार्वजनिक अवकाश के बावजूद शेयर बाजार में सामान्य कामकाज जारी रहेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने यह जानकारी दी है। हालांकि, एक्सचेंज ने एक परिपत्र जारी कर बताया है कि यह दिन 'सेटलमेंट हॉलिडे' रहेगा, जिसका सीधा असर सौदों के निपटान यानी सेटलमेंट प्रक्रिया पर पड़ेगा। एनएसई का यह स्पष्टीकरण निवेशकों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आमतौर पर राज्यव्यापी छुट्टियों के दौरान बैंकिंग और क्लियरिंग परिचालन प्रभावित होते हैं।

एनएसई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 15 जनवरी को बाजार में ट्रेडिंग गतिविधियां एक्सचेंज की समय सारिणी के अनुसार सामान्य रूप से जारी रहेंगी। लेकिन चूंकि महाराष्ट्र के कई बड़े शहरों में चुनाव के कारण बैंक बंद रहेंगे, इसलिए क्लियरिंग और सेटलमेंट की प्रक्रिया उस दिन नहीं हो सकेगी।

परिपत्र में कहा गया है कि 15 जनवरी को टी+0 (टी+0) सेटलमेंट चक्र के लिए कोई भी सेटलमेंट नहीं होगा। उस विशिष्ट चक्र के लिए क्लियरिंग और सेटलमेंट दायित्वों को उस दिन संसाधित नहीं किया जाएगा।

## 2026 में सिगरेट व कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगा

# बचत उत्सव के बाद क्या-क्या बदल रहा?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



जीएसटी बचत उत्सव' के बाद 2026 में कुछ मोर्चों पर महंगाई की वापसी दिखी है। सिगरेट, कमर्शियल एलपीजी और हाउसिंग सोसाइटी मेंटेनेंस हुए महंगे, लेकिन आटा-दाल जैसी आवश्यक वस्तुएं अब भी सस्ती रहने का अनुमान है। जानिए कीमतों के मोर्चे पर नए साल में क्या-क्या बदलने वाला है।

सितंबर 2025 में लागू हुए 'जीएसटी 2.0' या 'जीएसटी बचत उत्सव' के बाद आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली थी, लेकिन साल 2026 की शुरूआत के साथ ही महंगाई का दबाव फिर से कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में दिखने लगा है। जहां एक ओर आवश्यक वस्तुएं सस्ती बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार की नई राजकोषीय रणनीतियों और इनपुट लागत में वृद्धि के कारण 'सिन गुड्स', कमर्शियल एलपीजी और हाउसिंग सोसाइटी के मेंटेनेंस जैसे खर्चों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर कर का नया ढांचा–** 1 फरवरी 2026 से जीएसटी मुआवजा उपकर की आधिकारिक समाप्ति के साथ ही सरकार ने राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए नए कानून पेश किए हैं। इसका सबसे बड़ा असर तंबाकू और सिगरेट की कीमतों पर पड़ा है। 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) अधिनियम 2025' के तहत अब सिगरेट पर 40% जीएसटी के साथ एक 'विशेष उत्पाद शुल्क' लगाया गया है, जो सिगरेट की लंबाई पर आधारित है।

जानकारों के मुताबिक, नई व्यवस्था में कर का भार वास्तविक रूप से बढ़ा है। एफएमसीजी कंपनियां इस अतिरिक्त बोझ को सीधे उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं, जिससे रिटेल कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इसके अलावा, पान मसाला निमार्ताओं पर अब वास्तविक बिक्री के बजाय उनकी मशीनों की उत्पादन क्षमता के आधार पर उपकर लगाया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में भी कीमतें बढ़ सकती हैं।

**शहरी मध्यम वर्ग और सेवा क्षेत्र पर 'परोक्ष' मार–** महंगाई की यह नई लहर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में आई है।1 जनवरी 2026 से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 111 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि घरेलू गैस की कीमतें स्थिर हैं, लेकिन कमर्शियल गैस महंगी होने से रेस्तरां, होटल और कैंटीन की लागत बढ़ेगी, जिससे बाहर खाना खाना महंगा हो सकता है।

वहीं, शहरी मध्यम वर्ग के लिए एक 'छिपी हुई लागत' सामने आई है। जीएसटी अधिकारियों ने उन हाउसिंग सोसायटियों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है जहां मासिक रखरखाव शुल्क 7,500 रुपये प्रति सदस्य से अधिक है। यदि शुल्क इस सीमा से एक रुपये भी अधिक है, तो पूरी राशि पर 18% जीएसटी लागू होगा। यह नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई जैसे शहरों में रहने वाले परिवारों के लिए एक बड़ा वित्तीय झटका है।

### किन क्षेत्रों में राहत की उम्मीद?

- ऑटोमोबाइल सेक्टर जीएसटी 2.0 का सबसे बड़ा लाभार्थी रहा है। पुरानी व्यवस्था (28% जीएसटी + उपकर) की तुलना में नई दरों (18% या 40% फ्लैट) ने कारों की कीमतों में भारी कमी की है। उदाहरण के लिए, छोटी कारों पर कर का बोझ 29% से घटकर 18% रह गया है।
- हालांकि, जनवरी 2026 से मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंडई जैसी कंपनियों ने इनपुट लागत (स्टील, प्लास्टिक) और विदेशी मुद्रा उतार-चढ़ाव के कारण कीमतों में 0.6 से 3% की वृद्धि की है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मामूली वृद्धि के बावजूद, जीएसटी कटौती के कारण कारें अभी भी 2024 की तुलना में काफी सस्ती हैं।
- महंगाई की चिंताओं के बीच राहत की बात यह है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में हैं। रिपोर्टों के अनुसार, आटा, चावल, दवाइयां और स्वास्थ्य बीमा जैसी चीजें सस्ती बनी हुई हैं क्योंकि इन्हें या तो 0% या 5% के न्यूनतम स्लैब में रखा गया है। अच्छे मानसून और पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण 2026 में खाद्य मुद्रास्फीति के भी सीमित दायरे में रहने की उम्मीद है।
- कुल मिलाकर 2026 का आर्थिक परिदृश्य मिश्रित है। सरकार ने आवश्यक वस्तुओं को सस्ता रखकर अपना वादा निभाया है, लेकिन 'सिन गुड्स' और विलासिता की वस्तुओं पर कर बढ़ाकर राजस्व संतुलन बनाने की कोशिश की है। उपभोक्ताओं के लिए चुनौती अब उन वस्तुओं और सेवाओं में है जो बाजार की इनपुट लागत और नए उपकर नियमों से प्रभावित हैं।

## सॉफ्टबैंक ने ओला इलेक्ट्रिक में

# 2.15% हिस्सेदारी बेची




### निवेश घटाने के बाद अब इतनी बची होल्डिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सॉफ्टबैंक ने ओला इलेक्ट्रिक में अपनी 2.15% हिस्सेदारी ओपन मार्केट के जरिए बेच दी है। इस बिक्री के बाद सॉफ्टबैंक की होल्डिंग घटकर 13.53% रह गई है। शेयरों की बिक्री और निवेश से जुड़ी पूरी जानकारी आगे पढ़ें।

जापान की बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ने भारत की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपनी हिस्सेदारी को और कम कर दिया है। कंपनी ने ओपन मार्केट ट्रांजेक्शन के जरिए 2.15 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री की है। स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई विनियामक फाइलिंग के अनुसार, यह बिक्री सॉफ्टबैंक की निवेश इकाई 'एसवीएफ क्क ऑस्ट्रिच (डीई) एलएलसी' जरिए की गई। यह कदम सॉफ्टबैंक की ओर से भारतीय ईवी बाजार की प्रमुख कंपनी में अपने निवेश को आंशिक रूप से भुनाने की रणनीति का हिस्सा है।

**लेन-देन का विवरण और समयसीमा-** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर से बीएसई को भेजी गई फाइलिंग के मुताबिक, सॉफ्टबैंक की इकाई एसवीएफ II ऑस्ट्रिच ने कुल 9 करोड़ 46 लाख 28 हजार 299 इक्विटी शेयरों का निपटान किया है। शेयरों की यह बिक्री एक लंबी अवधि के दौरान कई चरणों में की गई है। फाइलिंग में बताया गया है कि यह विनिवेश प्रक्रिया 3 सितंबर, 2025 से 5 जनवरी 2026 के बीच पूरी की गई। सेबी के नियमों के तहत, जब किसी सूचीबद्ध कंपनी में शेयरधारिता में बदलाव 2 प्रतिशत की सीमा को पार करता है, तो इसका खुलासा करना अनिवार्य होता है। 5 जनवरी 2026 को किए गए निपटान के साथ ही यह बिक्री 2 प्रतिशत के अनिवार्य स्तर को पार कर गई, जिसके बाद कंपनी ने यह आधिकारिक जानकारी साझा की।

## एफआरएआई ने तंबाकू पर टैक्स बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई

# छोटे कारोबारियों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा

### तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ने से 80 लाख खुदरा विक्रेता बेचैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



एफआरएआई ने तंबाकू पर टैक्स बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी का असर असंगठित रिटेल सेक्टर पर असमान रूप से पड़ता है।

कानूनी तंबाकू उत्पादों पर टैक्स में भारी बढ़ोतरी को लेकर फेडरेशन ऑफ रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने गहरी चिंता जताई है। संगठन ने सरकार से इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे छोटे रिटेलरों को नुकसान होगा और अवैध कारोबारियों को बाजार में बढ़त मिल सकती है।

यह प्रतिक्रिया वित्त मंत्रालय की ओर से जारी उस अधिसूचना के बाद आई है, जिसमें वित्त मंत्रालय ने च्यूइंग टोबैको, जर्दा, सेंटेड टोबैको और गुटखा पैकिंग मशीन नियम, 2026 के तहत सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक पर 2,050 से 8,500 रुपये तक की एक्साइज ड्यूटी तय की है। यह नई दरें 1 फरवरी से लागू होंगी।

एफआरएआई के संयुक्त सचिव गुलाब चंद खोड़ा ने कहा कि कानूनी उत्पादों की कीमतों में तेज उछाल से दुकान स्तर पर मांग तुरंत खत्म हो जाती है और ग्राहक अवैध विकल्पों की ओर मुड़ जाते हैं, जिससे छोटे दुकानदार घटती आय और अवैध आपूर्तिकताओं के दबाव के बीच फंस जाते हैं।

संगठन ने कहा कि व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली श्रेणी में अचानक कीमत बढ़ने से अन्य क्षेत्रों में महंगाई में आई नरमी का लाभ भी खत्म हो जाता है और जीएसटी 2.0 जैसे सुधारों से बनी सकारात्मक धारणा कमजोर पड़ती है। हालांकि, संगठन ने स्पष्ट किया कि वह कराधान या सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों का विरोध नहीं कर रहा है, लेकिन उसने सरकार से करों को संतुलित, राजस्व-तटस्थ और कीमतों में स्थिरता बनाए रखने वाला बनाने की मांग की है।

### छोटे दुकानदारों की आजीविका पर खतरा

- एफआरएआई ने बयान में कहा कि इस फैसले से छोटे दुकानदारों, फुटपाथ विक्रेताओं और फेरीवालों में भारी बेचैनी है, जिनकी आजीविका काफी हद तक रोजमर्रा की खपत वाले उत्पादों, खासकर तंबाकू पर निर्भर करती है। संगठन का दावा है कि वह करीब 80 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम रिटेलरों का प्रतिनिधित्व करता है।
- संगठन ने चेतावनी दी कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी का असर असंगठित रिटेल सेक्टर पर असमान रूप से पड़ता है, जहां मुनाफा कम और बिक्री वॉल्यूम ज्यादा होता है। कीमतों का झटका उपभोक्ताओं को वैध बाजार से दूर कर सकता है, मोहल्ले की दुकानों पर फुटफॉल घटा सकता है और अवैध व अनियंत्रित विकल्पों को बढ़ावा दे सकता है।

## 15% टैरिफ बढ़ोतरी के आसार; रिपोर्ट में दावा

# जून 2026 में फिर महंगा हो सकता है मोबाइल रिचार्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मोबाइल टैरिफ में जून 2026 तक 15% की बढ़ोतरी संभव है। जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक,जियो आईपीओ और रेवेन्यू ग्रोथ को देखते हुए कीमतें बढ़ेंगी। वोडाफोन आइडिया को भी कर्ज चुकाने के लिए 45% हाइक की जरूरत होगी।

जून 2026 से मोबाइल रिचार्ज करना और महंगा हो सकता है। जेफरीज की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियां एक बार फिर मोबाइल टैरिफ में बड़ी बढ़ोतरी की तैयारी में हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि जून 2026 में मोबाइल सेवाओं की दरों में लगभग 15% की वृद्धि हो सकती है। यह संभावित बढ़ोतरी पिछले टैरिफ हाइक के ठीक दो साल बाद देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की एक ताजा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है, जिसमें कहा गया है कि रिलायंस जियो के बहुप्रतीक्षित आईपीओ और सेक्टर के रेवेन्यू ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए यह कदम बेहद अहम साबित होगा।

जेफरीज के इक्विटी एनालिस्ट अक्षत अग्रवाल और आयुष बंसल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में जियो के आईपीओ के आने की प्रबल संभावना है। विश्लेषकों का मानना है कि प्रस्तावित आईपीओ न केवल पूरे दूरसंचार क्षेत्र के वैल्युएशन को बढ़ाएगा, बल्कि यह मोबाइल सेवाओं की दरों में वृद्धि का आधार भी तैयार करेगा। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि जियो अपने मोबाइल टैरिफ में 10 से 20% की बढ़ोतरी कर सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य अपनी वैल्युएशन को प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल के करीब ले जाना और निवेशकों को दहाई अंक में इंटरनल रेट ऑफ रिटर्न प्रदान करना है। टैरिफ में इस संभावित बढ़ोतरी का सीधा असर टेलीकॉम कंपनियों की कमाई पर दिखेगा। रिपोर्ट का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 में सेक्टर की रेवेन्यू ग्रोथ रेट वित्त वर्ष 2026 के मुकाबले दोगुनी से अधिक हो जाएगी। जहां एफवाय26 में यह ग्रोथ 7% रहने का अनुमान है, वहीं एफवाय27 में इसके 16% तक पहुंचने की उम्मीद है।

# जयपुर-रेस लगा रही ऑडी का कहर,16 को रौंदा, एक मौत: खाना खा रहे लोगों पर चढ़ी, 10 से ज्यादा ठेले-थड़ियों को उड़ाया



## बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई, फिर फूड स्टॉलों में घुसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

जयपुर में शुक्रवार रात रेसिंग कर रहे एक ऑडी कार ने कहर मचा दिया। मानसरोवर के भीड़भाड़ वाले इलाके में 120 की रफ्तार से दौड़ रही ऑडी कार पहले बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई, फिर सड़क किनारे लगी फूड स्टॉल्स में घुस गई।


इस दौरान वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। कार करीब 16 लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर घायल हैं।

आरोपी ड्राइवर सहित तीन लोग फरार हैं। इनमें जयपुर पुलिस का सिपाही भी है। कार सवार एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार चारों लोग नशे में थे। हादसा रात करीब 9:30 बजे पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित खरबास सर्किल के पास हुआ।

मौके से पकड़े गए कार सवार रेनवाल निवासी पप्पू ने पुलिस को बताया कि ऑडी कार चूरू का रहने वाला दिनेश रणवां चला रहा था। दिनेश ने उसे शुक्रवार रात खरबास सर्किल के पास बुलाया था। पप्पू ने बताया है कि ऑडी में दो और लोग बैठे थे। इसके बाद दिनेश ने एक और कार के साथ रेसिंग शुरू कर दी। आरोपी करीब 120 की स्पीड पर ऑडी को दौड़ा रहा था। कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई तो, पीछे वाले कार वापस घूम गई।

### हादसे में ज्यादातर घायल स्टॉल संचालक और खाना खाने आए लोग

डिवाइडर से टकराने के बाद दिनेश ने कार सड़क किनारे की तरफ की फूड स्टॉल्स में घुसा दी। उस दौरान वहां करीब 50 लोग मौजूद थे। दिनेश ने कार की स्पीड और बढ़ा दी और उसने 10 से ज्यादा थड़ी-स्टॉल्स को टक्कर मार दी।



ऑडी की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि उसकी टक्कर से एक और कार पलट गई। आरोपी ने 16 से ज्यादा लोगों को रौंद दिया। करीब 100 मीटर दूर एक पेड़ से टकराकर उनकी कार रुकी। एक युवक की मौत, 4 गंभीर घायल

पत्रकार कॉलोनी पुलिस थाने के एसएचओ गुंजन सोनी ने बताया कि हादसे में 16 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इनमें ज्यादातर घायल स्टॉल संचालक और खाना खाने वाले लोग हैं। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जयपुरिया अस्पताल पहुंचाया। जहां एक को मृत घोषित कर दिया।

## राजस्थान के जैसलमेर में टेंपरेचर 4.6$^{0}$: बिहार के 32 जिलों में शीतलहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़ी राज्यों से आ रही बफीर्ली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

वहीं बिहार के 32 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। इससे विजिबिलिटी 10 मीटर के आसपास रहने की संभावना है। अगले एक हफ्ते तक कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। 16 जिलों में पारा 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं। उत्तराखंड में लगातार तीन दिन से 2 शहरों का तापमान -21त्ऽ दर्ज किया गया है। इसमें पिथौरागढ़ का आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग का केदारनाथ धाम शामिल है। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में रात का तापमान गिर गया है। अगले 2 दिन तक ऐसा मौसम बना रहेगा। शनिवार सुबह 15 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा छाया रहा।

### 11 जनवरी: पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट, कड़ाके की सर्दी रहेगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी का अलर्ट।

### 12 जनवरी: मैदानी राज्यों में बारिश

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा में कोहरे के साथ हल्की बारिश का अलर्ट। पहाड़ी राज्यों में तापमान और गिर सकता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी जारी रहेगी।

## बंगाल के नेता प्रतिपक्ष का मुख्यमंत्री को नोटिस, 72 घंटे में जवाब मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। इसमें ममता से 72 घंटे के भीतर अपने दावों के सबूत मांगे हैं। सुवेंदु ने कहा कि ऐसा न करने पर वे ममता के खिलाफ मानहानि का केस करेंगे।

दरअसल, ममता ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी कोयला तस्करी मामले में शामिल हैं। कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु के जरिए शाह तक जाता है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने कोलकाता में 8 जनवरी को I-PAC कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की छापेमारी के विरोध में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां की थीं। सीएम ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला। इसी दौरान बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं।



आज, सीएम ममता बनर्जी ने ईडी की जांच से ध्यान भटकाने की कोशिश में, मेरे खिलाफ बिल्कुल निराधार मानहानिकारक आरोप लगाए और मुझे केंद्रीय गृह मंत्री के साथ कोयला घोटाले से जोड़ा। ये लापरवाह बयान, व्यक्तिगत अपमान से भरे हुए, बिना किसी सबूत के सार्वजनिक रूप से दिए गए। ऐसे निराधार दावों ने न केवल मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल किया है, बल्कि सार्वजनिक चर्चा की गरिमा को भी कम किया है। आज मैंने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है जिसमें उनसे 72 घंटे के भीतर सभी सबूत प्रदान करने की मांग की है।

## मोदी 17 को पहली वंदेभारत स्लीपर का उद्घाटन करेंगे, गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कोलकाता और गुवाहाटी के बीच पहली वंदे भारत स्लीपर 17 जनवरी से चलेगी। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन में करेंगे। यह ट्रेन 6 दिन कामाख्या और हावड़ा जंक्शन के बीच चलेगी।

वहीं, रेल मंत्री के मुताबिक 6 नई अमृत भारत एक्सप्रेस भी लॉन्च की जाएंगी। इनकी सेवाएं 17 और 18 जनवरी 2026 से मिलना शुरू हो जाएंगी। दिल्ली में अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में गुरुवार को वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे में 2026 में एक बड़ा बदलाव होगा। सभी तरह के सुधारों पर के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शामिल है।

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक नया स्ट्रक्चरल तरीका अपनाया जाएगा। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए एक नया स्ट्रक्चरल तरीका पेश किया जाएगा, ताकि भारत के स्टार्टअप और इनोवेटिव दिमाग रेलवे से जुड़ सकें। इसके लिए एक टेक्नोलॉजी इनोवेशन पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। रखरखाव की गतिविधियों के लिए अक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा।

## जी राम जी विधेयक- 6 राज्यों ने दर्ज कराया विरोध राज्यों पर भी बोझ

# सारे फैसले केंद्र के हाथ, भेदभाव की आशंका; राज्यों पर भी 4 गुना तक बोझ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू कार रही है। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है। तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं।

इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय



बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, कर्नाटक में नई ग्रामीण रोजगार योजना लागू करने के लिए अगले 5 साल में राज्य सरकार को करीब 20,000 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। कर्नाटक ने तो इसे कोर्ट में चुनौती देने का ऐलान भी किया है।

### रिसर्च में दावा: राज्यों को 17 हजार करोड़ का लाभ

एसबीआई रिसर्च के एक पेपर के अनुसार, वीबी-जी राम जी एक्ट लागू होने पर राज्यों को 17,000 करोड़ रु. का लाभ होने का अनुमान है। यह राशि पिछले 7 साल के मनरेगा आवंटन से तुलना करके निकाली गई है। नए ढांचे में केंद्र और राज्यों के बीच निधि का वितरण मानक आधार (नॉर्मेटिव असेसमेंट) पर होगा, जिसमें समानता और दक्षता को ध्यान में रखा गया है। यह नया मॉडल राज्यों को वित्तीय मदद के साथ रोजगार की गारंटी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## सिक्योरिटी फोर्स ने मशहद छोड़ा, देश का सबसे बड़ा धार्मिक शहर

# ट्रम्प का दावा- ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन





अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा-

दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यह ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर है। मशहद में इमाम रजा का पवित्र दरगाह भी है, जो शिया मुसलमानों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है।

हालांकि, शहर पर कब्जे को लेकर ट्रम्प के दावे की पुष्टि नहीं हो पाई है। किसी भी भरोसेमंद रिपोर्ट में यह साबित नहीं हुआ है कि सुरक्षा बल पूरी तरह शहर छोड़ चुके हैं या मशहद पूरी तरह प्रदर्शनकारियों के कब्जे में चला गया है। ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है।

अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 62 लोग मारे गए हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने देशभर में प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पहली बार राष्ट्र को संबोधित किया।



## ट्रम्प बोले- मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल्स का राज चल रहा:जमीनी हमले कर इन्हें खत्म करेंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97% तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है।

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने शीनबॉम से कई बार अमेरिकी सैनिक भेजकर कार्टेल्स को खत्म करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। शीनबॉम ने जोर देकर कहा कि मेक्सिको एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। यहां सहयोग तो किया जा सकता है, लेकिन हस्तक्षेप नहीं। उन्होंने ड्रग तस्करी रोकने में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग का जिक्र किया, लेकिन अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को सिरे से नकार दिया।

# रूस के दबाव के बाद अमेरिका ने 2 नागरिक छोड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले ऑयल टैंकर जहाज ह्यमैरिनाह्न से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है।

रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था। अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जॉर्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। दूसरी तरफ अमेरिका ने आज भी कैरेबियाई सागर में एक और ऑयल टैंकर ओलिना को पकड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले तीन दिनों में तीसरी बार है जब किसी प्रतिबंधित टैंकर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिकी बयान के मुताबिक, टैंकर ओलिना पर सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से हिरासत में लिया गया। यह ऑपरेशन एयरक्राफ्ट कैरियर वरर जेराल्ड आर. फोर्ड से लॉन्च किया गया।

### आर्कटिक क्षेत्र में हालात खराब हुए

**लंदन,** । आर्कटिक क्षेत्र अब बेहद खराब मौसम के ऐसे नए युग में पहुंच गया है, जिसके वहां रहने वाले पौधों, जानवरों और इंसानों पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह बदलाव दुनिया की कार्बन सोखने और जलवायु परिवर्तन को धीमा करने की क्षमता को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो

# अमेरिका इजराइली पीएम नेतन्याहू को भी किडनैप करे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्किए भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए।

यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया, जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया।



इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, ह्यकानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं ह्न एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं?

### फिलिस्तीनियों का समर्थन करता है पाकिस्तान

पाकिस्तान का इजराइल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है। साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजराइल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।


## अमेरिका 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बाहर निकलेगा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। द गार्डियन के मुताबिक इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है। अमेरिका भारत की पहल से बने संगठन इंटरनेशनल सोलर अलायंस (क्रअ) को भी छोड़ रहा है। इसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन फ्रेंच राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने पेरिस जलवायु सम्मेलन में शुरू किया था।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**
1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैंगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | - | 20 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | - | 34 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 108 / 80 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | नि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | व | दि | ग | क | सो |
| धु | वी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | व |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | र्ज | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | प |
| ने | व | म | व | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | वी | लो | नि | या | ल | ज | र | व | त | थ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया - बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी...!

00000000

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और मेरे पांव भी दबाए...!

00000000

एक व्यक्ति घर में पत्नी का आठवीं कक्षा का रिपोर्ट कार्ड मिला।
पता चला कि वो पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र था, जिसपर लिखा था - मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्रा!
पति तब से बंदूक लेकर उस हेडमास्टर को ढूंढ रहा है, जिसने चरित्र प्रमाण पत्र बनाया था...!

000000000

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है। और
'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।**

**बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती।**

**यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया था**

## डेनमार्क बोला- पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगेः हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सैन्य कार्रवाई करेगा। उन्होंने साफ किया कि ऐसा कदम न सिर्फ ठअळड के लिए, बल्कि खुद अमेरिका के हित में भी नहीं होगा।

मेलोनी ने आर्कटिक क्षेत्र में गंभीर और मजबूत मौजूदगी की वकालत की। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड सहित आर्कटिक इलाके में सुरक्षा बढ़ाना जरूरी है, ताकि बाहरी और संभावित रूप से शत्रुतापूर्ण दखल को रोका जा सके।

डेनमार्क के सांसद के रासमस जारलोव ने उम्मीद जताई है कि ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की धमकियों के खिलाफ भारत डेनमार्क का समर्थन करेगा। अठक को दिए एक इंटरव्यू में जारलोव ने कहा कि किसी भी देश को यह स्वीकार नहीं करना चाहिए। उनके मुताबिक अगर ऐसा किसी भारतीय क्षेत्र के साथ होता, तो भारत भी कड़ा विरोध करता। जारलोव ने कहा कि ग्रीनलैंड भले ही भारत से दूर हो, लेकिन किसी देश के क्षेत्र को जबरन हड़पने की कोशिश पूरी दुनिया के लिए खतरनाक मिसाल बनेगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे प्रयासों को जायज मान लिया गया, तो वैश्विक व्यवस्था अराजक हो जाएगी।




## 85% लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया

पिछले साल एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने बार-बार कहा है कि ह्लहमारा देश बिकाऊ नहीं है ।1951 का छोटा रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, जिसमें ग्रीनलैंड की सेमी-ऑटोनॉमस सरकार को शामिल किया गया, ताकि अमेरिकी सैन्य गतिविधियां स्थानीय लोगों को प्रभावित न करें। इस समझौते की शुरूआत दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ, जब डेनमार्क नाजी कब्जे में था और उसके वाशिंगटन दूत ने अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। उन्हें डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। उस समय अमेरिकी सैनिकों ने द्वीप पर कई आधार बनाए और जर्मनों को हटाया। युद्ध के बाद अमेरिका ने कुछ बेस अपने पास रखे, लेकिन कोल्ड वॉर खत्म होने पर ज्यादातर बंद कर दिए। अब अमेरिका के पास सिर्फ पिटुफिक स्पेस बेस बचा है, जो मिसाइल ट्रैकिंग करता है।

## ग्रीनलैंड की अपनी सेना नहीं, अमेरिका और डेनमार्क के सैनिक तैनात

ग्रीनलैंड की अपनी कोई सेना नहीं है। उसकी रक्षा और विदेश नीति की जिम्मेदारी डेनमार्क की है। यह डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। यहां का अबादी महज 57 हजार है।

2009 के बाद, ग्रीनलैंड सरकार को तटीय सुरक्षा और कुछ विदेशी मामलों में छूट मिली है, लेकिन रक्षा और विदेश नीति के मुख्य मामले अभी भी डेनमार्क के पास हैं।


अमेरिकी सैनिकः अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस (थुले एयर बेस)। ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम में स्थित यह बेस अमेरिका चलाता है। यह बेस मिसाइल चेतावनी सिस्टम और स्पेस मॉनिटरिंग के लिए इस्तेमाल होता है। ठळ के मुताबिक यहां करीब 150 से 200 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मिसाइल चेतावनी, स्पेस निगरानी और आर्कटिक सुरक्षा के लिए हैं। यह अमेरिका का सबसे उत्तरी सैन्य अड्डा है।

डेनिश सैनिकः डेनमार्क की जॉइंट आर्कटिक कमांड ग्रीनलैंड में काम करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कुल करीब 150 से 200 डेनिश सैन्य और सिविलियन कर्मी हैं। जो निगरानी, सर्च एंड रेस्क्यू, और संप्रभुता की रक्षा करते हैं। इसमें प्रसिद्ध सीरियस डॉग स्लेज पेट्रोल (एक छोटी एलीट यूनिट, करीब 12-14 लोग) भी शामिल है, जो कुत्तों की स्लेज से लंबी गश्त करती है।

### ग्रीनलैंड के राजदूतों ने अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की

इस बीच, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के राजदूतों ने वॉशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की, ताकि अमेरिकी सांसदों और ट्रम्प प्रशासन को ग्रीनलैंड योजना से पीछे हटने के लिए मनाया जा सके।


अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो अगले सप्ताह डेनिश अधिकारियों से मिलने वाले हैं। यूरोपीय नेता डेनमार्क के समर्थन में एकजुट हो गए हैं और कह रहे हैं कि ग्रीनलैंड उसके लोगों का है और इसका फैसला सिर्फ डेनमार्क व ग्रीनलैंड करेंगे। यह विवाद आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ती रणनीतिक महत्व की वजह से और गहरा रहा है।




### ग्रीनलैंड से दुश्मनों पर हमला करता था जर्मनी

दूसरे विश्व युद्ध के समय उस दौर के लड़ाकू और निगरानी विमान बहुत दूर तक उड़ान नहीं भर पाते थे। यूरोप और उत्तरी अमेरिका के तटों से उड़ने वाले विमान अटलांटिक महासागर के बीच के एक बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पाते थे। इसी इलाके को 'ग्रीनलैंड एयर गैप' कहा गया। इस एयर गैप का मतलब था कि समुद्र का यह हिस्सा हवाई निगरानी से लगभग खाली रहता था। वहां न मित्र देशों के विमान गश्त कर सकते थे और न ही दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती थी। जर्मनी ने इसी कमजोरी का फायदा उठाया। उसकी पनडुब्बियां, जिन्हें यू-बोट कहा जाता था। यह इसी इलाके में छिपकर चलती थीं। वे अमेरिका और यूरोप के बीच सामान, हथियार और सैनिक ले जा रहे मित्र देशों के जहाजों पर अचानक हमला कर देती थीं। ऊपर से हवाई सुरक्षा नहीं थी, इसलिए इन जहाजों को बचाना मुश्किल हो जाता था। इस वजह से यह इलाका मित्र देशों के लिए बेहद खतरनाक बन गया और इसे जहाजों का ह्लकिलिंग ग्राउंडह्व यानी मौत का मैदान तक कहा जाने लगा। युद्ध के दौरान जैसे-जैसे ग्रीनलैंड और आसपास के इलाकों में हवाई अड्डे और सैन्य ठिकाने बने, वैसे-वैसे इस एयर गैप को खत्म किया गया। इससे मित्र देशों को पूरे अटलांटिक पर हवाई निगरानी और सुरक्षा मिल सकी।

## ग्रीनलैंड के लोगों को 90 लाख रुपए तक दे सकते हैं ट्रम्प




अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपए) से 1 लाख डॉलर (90 लाख रुपए) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक ह्यबिजनेस डीलह्ण के तौर पर देखा जा रहा है।

सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि अगर यह योजना लागू होती है, तो ग्रीनलैंड की करीब 57 हजार आबादी को देखते हुए इसकी कुल लागत लगभग 5 से 6 अरब डॉलर तक हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने के लिए पैसे का प्रस्ताव केवल एक विकल्प है। इसके अलावा कूटनीतिक समझौतों और यहां तक कि सैन्य बल के इस्तेमाल जैसे विकल्पों पर भी विचार किया गया है। ग्रीनलैंड रणनीतिक रूप से अहम क्षेत्र है और अमेरिका की रुचि इसमें नई नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में 2019 में इसे ह्लरियल एस्टेट डीलह्व के तौर पर खरीदने का विचार सामने रखा था। हालांकि डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों ही इस प्रस्ताव को बार-बार खारिज कर चुके हैं।

## ट्रम्प बोले- संधि या लीज नहीं, ग्रीनलैंड पर पूरा कंट्रोल चाहिए

ट्रम्प का कहना है कि रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी के कारण ग्रीनलैंड अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि सिर्फ संधि या लीज से काम नहीं चलेगा, बल्कि पूरा कंट्रोल चाहिए। इससे और सुविधाएं मिलेंगी।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम ग्रीनलैंड पर कंट्रोल करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने भी चेतावनी दी है कि अगर ग्रीनलैंड की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया गया तो अमेरिका को 'कुछ करना ही पड़ेगा'। डेनिश प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका किसी नाटो सहयोगी देश पर सैन्य हमला करता है, तो नाटो का अंत हो जाएगा और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सुरक्षा व्यवस्था खत्म हो जाएगी।

■ वर्ष-12 अंक-69 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 10 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि॥

**भावार्थ** : विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए। धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए । किन्तु अपनी रक्षा का प्रसन सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम्॥

**भावार्थ** : जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

# अवधनामा

अवधनामा - मीरहसनः यस्य लखनऊ-नगरस्य न्यायालयस्य समक्षं प्रणामं कृतवान् यस्य सः अधिकतया आलोचनां कृतवान् आसीत्, आजीवनं खेदः। १७३९ तमे वर्षे नादिरशाहस्य आक्रमणानन्तरं अवधः कला-संस्कृतेः, स्थिरतायाः च केन्द्रम् अभवत्। कविः मीरहसनदेहल्वी असुरक्षितं दिल्लीं त्यक्त्वा फैजाबादं बाघ-ए-ईराम इति आह्वयत्, परन्तु राजधानी यदा लखनऊ-नगरं प्रति स्थानान्तरिता तदा सः तत्र गतः। नवाब असफ-उद्-दौला इत्यस्य क्रोधस्य क्षमायाचनां कृत्वा अपि सः अपमानितः अभवत्।

कृष्णप्रतापसिंहः- १७३९ तमे वर्षे यदा नादिरशाहस्य कोपः पतितः तदा न केवलं दिल्लीनगरस्य सामान्यनागरिकाः अपितु शिल्पिनः, कलाकाराः, लेखकाः, कविः, वणिक च अपि महतीं दुःखं प्राप्नुवन्। तस्मिन् काले नवाबानां शासितः अवध-प्रान्तः नादिर-सदृशस्य नरसंहारस्य, लुण्ठनस्य च त्रासात् मुक्तः कला-संस्कृतेः, समृद्धेः, स्थिरतायाः च नूतनं केन्द्रत्वेन उद्भवति स्म अन्यत् विषयं यत् नादिरशाहः अस्य प्रान्तस्य नवाबस्य सादात अली खान इत्यनेन सह दिल्लीपूर्वं कर्णाल्-मोचार्यां सम्मुखे तं कारागारं कृत्वा अपमानं कृतवान् यत् सः आत्महत्यां कृतवान् पश्चात् सफदरजङ्गेन नादिरं स्वसिंहासनस्य उत्तराधिकाराय महतीं धनं दातव्यम् आसीत्। एतत्सर्वं कृत्वा अपि अवधः सुरक्षितः इति गण्यते स्म यतोहि तस्य शक्तिकेन्द्रं फैजाबादं दिल्लीतः दूरे आसीत्।

### एते पञ्च स्मार्ट-उपकरणाः अस्मिन् नूतने वर्षे भवतः

# प्रियजनानाम् कृते उत्तम-उपहार-विकल्पाः भवितुम् अर्हन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

२०२६ तमस्य वर्षस्य आगमनेन उपहार-प्रदान-परम्परासु प्रमुखं प्रौद्योगिकी-परिवर्तनं दृश्यते, अधुना जनाः पारम्परिक-उपहारानाम् अपेक्षया स्मार्ट-उपकरणं प्राधान्यं ददति ये न केवलं आधुनिकाः अपितु दैनन्दिनजीवनस्य सरलीकरणं, सुविधां च कर्तुं समर्थाः सन्ति अस्य नववर्षस्य स्वागतार्थं विपण्यां बहवः व्यावहारिकाः भविष्यस्य च उपकरणाः उपलभ्यन्ते ये टेक-सवी मित्राणां परिवारस्य सदस्यानां च कृते स्मरणीयं उपहारं सिद्धं कर्तुं शक्नुवन्ति। क्षीणतां गच्छन्तं नगरीयवातावरणं दृष्ट्वा स्वास्थ्यजागरूकता वर्धिता, अस्मिन्-वर्षे च एकः उत्तमः वायुशुद्धिकरणः सार्थकतमानां उपहारानाम् एकरूपेण उद्भूतः। विशेषतः बालकानां वृद्धानां च कृते आन्तरिकवायुः स्वच्छः करणीयः अत्यावश्यकः अभवत्। उच्चगुणवत्तायुक्तः वायुशुद्धिकरणः न केवलं धूलिकणान् प्रदूषकान् च दूरीकरोति अपितु फुफ्फुसस्य रक्षणं सुनिश्चितं करोति, प्रियजनानाम् स्वस्थजीवनं ददाति। एतत् उपकरणं भवतः प्रियजनानाम् स्वास्थ्यस्य विषये कियत् गम्भीरं इति प्रतीकं भवति, नूतनस्य आरम्भस्य कृते ताजावायुः इत्यस्मात् उत्तमं किं भवितुम् अर्हति?

प्रौद्योगिक्याः उन्नतेः अस्मिन् युगे समयव्यवस्थापनं प्रमुखं आव्हानं वर्तते, एतस्य आव्हानस्य निवारणाय रोबोटिकवैक्यूम क्लीनरः क्रान्तिकारी उपहाररूपेण उद्भूतः अस्ति एतत् लघुयन्त्रं व्यस्तपरिवारानाम् कृते वरदानम् अस्ति, यतः एतत् स्वयमेव सम्पूर्णस्य गृहस्य नक्शाङ्कनं करोति, मानवीयहस्तक्षेपं विना सफाईकार्यं च करोति, येन समयस्य परिश्रमस्य च महत्त्वपूर्णं रक्षणं भवति आधुनिकगृहाणां आवश्यकतां ज्ञात्वा एतत् उपकरणं नित्यं स्वच्छतां सुनिश्चितं करोति, गृहकार्यस्य भारात् ग्राहकाय किञ्चित् राहतं च ददाति तथैव व्यक्तिगतसुष्ठुता जीवनशैलीनिरीक्षणार्थं स्मार्टघटिका वा फिटनेसबैण्ड् वा युवानां वृद्धानां च मध्ये अतीव लोकप्रियः विकल्पः अभवत्। अद्यतनयुगे यदा सर्वे स्वास्थ्यसचेतनाः सन्ति तदा 2,000 तः 5,000 पर्यन्तं बजटपरिधिषु उपलभ्यमानाः एताः स्मार्टघटिकाः हृदयस्पन्दनं, निद्रायाः गुणवत्तां, दैनिकपदगणना च निरीक्ष्य जनान् सक्रियरूपेण स्थापयितुं प्रेरयन्ति ते न केवलं स्टाइलिशः सहायकः अपितु व्यक्तिगतस्वास्थ्यप्रशिक्षकः अपि अस्ति, यः भवतः कटिबन्धे बद्धः, तत्क्षणं अद्यतनं प्रदाति। अस्मिन् अङ्कीयक्रान्तियुगे वयं स्मृतीनां संरक्षणस्य मार्गः अपि परिवर्तितः अस्ति, तथा च ये विशेषक्षणाः भौतिकरूपेण तत्क्षणमेव गृहीतुं रोचन्ते तेषां कृते।

### फरवरीमासे मंगलस्य

# राहुस्य च विस्फोटक संयोगः त्रयाणां राशिनां कृते महत्त्वपूर्णानि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ज्योतिषीयगणनानुसारं २०२६ तमस्य वर्षस्य आरम्भे ग्रहगतिषु प्रमुखपरिवर्तनानि देशे विश्वे च, व्यक्तिगतजीवने च महत्त्वपूर्णं उत्थानस्य संकेतं ददति सर्वाधिकं चचार्कृतः विषयः फरवरीमासे भवति अत्यन्तं विनाशकारी अशुभः च संयोगः। यदा साहसस्य ऊजार्याः च प्रतीकः ग्रहसेनापतिः इति प्रसिद्धः मंगलः २०२६ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासस्य २३ दिनाङ्के प्रातः ११:५७ वादने कुंभग्रहे प्रविशति तदा तत्र पूर्वमेव उपस्थितेन दुर्गमेन राहुग्रहेण सह मिलित्वा विस्फोटकसंयोगः निर्मास्यति, यत् ज्योतिषदृष्ट्या अत्यन्तं खतरनाकं मन्यते इयं खगोलीयज्योतिषीयघटना केवलं सरलं राशिपरिवर्तनं न भवति; अपितु तस्य प्रभावेण जनसामान्येषु अपारः तनावः, क्रोधः, अवांछितविग्रहः च उत्पद्यते इति प्रबलं भयम् अस्ति। यदा मंगलस्य अग्निः राहुस्य वायुः च मिलित्वा एकां अनियंत्रितशक्तिं निर्मान्ति यत् कस्यापि व्यक्तिस्य कृते महत्त्वपूर्णं आव्हानं सिद्धं कर्तुं शक्नोति।

ज्योतिषीणां मतं यत् मंगल-राहुयोः एषः संयोगः २०२६ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य २ दिनाङ्कपर्यन्तं कुंभराशिषु एव तिष्ठति, अस्मिन् सम्पूर्णे काले अयं विस्फोटकयोगः पूर्णतया सक्रियः भविष्यति, यस्य प्रत्यक्षः नकारात्मकः च प्रभावः विशेषतया मेष-धनु-मकर-राशिभिः अनुभूयते मेषराशिनां कृते एषः योगः तेषां एकादशगृहे, लाभ-आय-गृहं मन्यते। परन्तु मंगलस्य राहुस्य च एषः संयोगः लाभस्य स्थाने अप्रत्याशितहानिः आर्थिकविघ्नानि च सूचयति। अतः अस्य राशिचक्रस्य जनाः निवेशं कुर्वन् अत्यन्तं सावधानतां स्वीकुर्वन्तु इति सूचितम्। अस्मिन् काले मेषराशिनां जनानां मित्रैः।

# प्रवासिताः लापताः च : प्रायः 21.7 मिलियनं मतदातारः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

मृताः मतदाताः : मृत्युकारणात् प्रायः ४६.२३ लक्षमतदातृणां नामानि निष्कासितानि सन्ति। प्रवासिताः लापताः च : प्रायः २१.७ मिलियनं मतदातारः स्वस्य मूलनिवासस्थानं त्यक्तवन्तः, लापताः, अनुपस्थिताः वा इति ज्ञातम्। द्विगुणपञ्जीकरणम्: एकादशाधिकस्थानेषु २५.४७ लक्षमतदातानां नाम पञ्जीकृतानि प्राप्तानि, ये अधुना निष्कासितानि सन्ति। मसौदासूचिकायाः अनन्तरं किं कर्तव्यम्- निर्वाचनआयोगेन स्पष्टीकृतं यत् एषा केवलं मसौदासूची एव। येषां नागरिकानां नाम अस्मिन् सूचौ न समाविष्टम् अथवा दोषाः सन्ति तेषां सम्पादनस्य अवसरः दीयते। दावाः आक्षेपाः च : नागरिकाः २०२६ जनवरी ६ दिनाङ्कात् ६ फरवरीपर्यन्तं स्वस्य आक्षेपं दातुं शक्नुवन्ति। नूतनं नाम योजयितुं : ये २०२६ जनवरी १ दिनाङ्के १८ वर्षाणि प्राप्तवन्तः ते प्रपत्रं ६ भृत्वा स्वनाम।

## राशिफल

**मेष** : घर में आपकी बात मानी जाएगी, लेकिन आपको भी दूसरों की भावनाएं समझनी होंगी।

**वृषभ** : किसी अपने से खुलकर बात करने का मौका मिलेगा। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**मिथुन** : रिश्तों में साफ बातचीत जरूरी है, वरना गलतफहमी पैदा हो सकती है। एक समय में एक काम करें, तभी मन को शांति मिलेगी।

**कर्क** : मूड स्विंग्स से बचना जरूरी है। खुद को थोड़ा समय दें, आराम करें और हर बात को दिल पर लेने से बचें।

**सिंह** : दिल से काम करेंगे तो सम्मान भी मिलेगा और संतोष भी। थोड़ा प्यार और अपनापन दिखाएंगे तो संबंध और मजबूत होंगे।

**कन्या** : उन्हें समझने की कोशिश करें खुद पर जरूरत से ज्यादा बोझ न डालें, थोड़ा आराम भी जरूरी है।

**तुला** : भले ही वह सीधे न कह पाए। हर चीज पर नियंत्रण रखने के बजाय भरोसा करना सीखें, इससे मन हल्का होगा।

**वृश्चिक** : भावनाओं से भागने के बजाय उन्हें समझना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। नींद आराम पर ध्यान देना जरूरी है।

**धनु** : दूसरों को खुश करते-करते खुद को न भूलें, यही सबसे बड़ी सीख है। पैसों में स्थिति सामान्य रहेगी।

**मकर** : दिल की आवाज सुनेंगे तो रास्ता खुद-ब-खुद साफ होता जाएगा। काम में फोकस अच्छा रहेगा।

**कुंभ** : वरना बाद में बोझ बन सकते हैं। सेहत के मामले में खान-पान और दिनचर्या पर ध्यान देना जरूरी है।

**मीन** : खुद पर भरोसा रखें, सब धीरे-धीरे ठीक होता जाएगा। ध्यान, शांति और थोड़ा अकेला समय मानसिक सुकून देगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# 14 तारीख से पहले कर लें ये काम, शादी पक्की होने में आ रहीं अड़चनों से मिलेगा छुटकारा

कई बार सब कुछ ठीक होते हुए भी विवाह में बार-बार रुकावटें आती हैं। ज्योतिष शास्त्र में बताए गए खरमास में किए जाने वाले सरल उपाय आपके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं।

कई बार सब कुछ ठीक होते हुए भी विवाह में बार-बार रुकावटें आती हैं। कभी रिश्ते तय होते-होते टूट जाते हैं, तो कभी बात आगे बढ़ ही नहीं पाती। ऐसे में व्यक्ति के मन में यह सवाल उठने लगता है कि आखिर शादी कब होगी और क्यों बार-बार अड़चन आ रही हैं। अगर आप भी ऐसी ही समस्या से जूझ रहे हैं, तो ज्योतिष शास्त्र में बताए गए कुछ खरमास में किए जाने वाले सरल उपाय आपके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं।

ज्योतिष के अनुसार, जब सूर्यदेव धनु या मीन राशि में गोचर करते हैं, तब खरमास की शुरूआत मानी जाती है। वर्तमान में सूर्यदेव धनु राशि में है और 14 जनवरी तक यहीं रहेंगे। इस अवधि को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं है कि खरमास व्यर्थ होता है। वास्तव में यह समय पूजा-पाठ, दान-पुण्य, आत्मचिंतन और मंत्र साधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दौरान किए गए उपाय जीवन की समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं।

**सूर्यदेव को जल अर्पित करें-** यदि विवाह में रुकावट आ रही है, तो खरमास के दौरान प्रतिदिन सूर्यदेव को जल अर्पित करना बहुत



लाभकारी माना जाता है। सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे में जल लेकर सूर्य को अर्घ्य दें। जल चढ़ाते समय मन को शांत रखें और अपने विवाह से जुड़ी इच्छाओं पर ध्यान केंद्रित करें। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और विवाह संबंधी बाधाएं कम होने लगती हैं।

**भगवान विष्णु की पूजा-** खरमास में भगवान विष्णु की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। विष्णुजी को नारियल, फल और पीले रंग के फूल अर्पित करें। पीला रंग शुभता, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यदि कुंडली में विवाह योग कमजोर है या बार-बार अड़चनें आ रही हैं, तो प्रतिदिन ह्लॐ श्रीं ह्रीं पूर्ण गृहस्थ सुख सिद्धये ह्रीं श्रीं ॐ नमःह्व मंत्र का जाप करें। इस मंत्र का कम से कम 21 बार जाप करने से विवाह के योग मजबूत होने लगते हैं।

**दान-** खरमास के दौरान दान-पुण्य का भी विशेष महत्व है। जरूरतमंदों को अनाज, वस्त्र या धन का दान करें। खासतौर पर पीली वस्तुओं का दान करना शुभ माना गया है। इससे न केवल विवाह में आ रही रुकावटें दूर होती हैं, बल्कि धन संबंधी परेशानियों से भी राहत मिलती है।

**दीपक जलाएं-** रोजाना घर में दीपक जलाना, धूप-अगरबत्ती करना और ईश्वर से प्रार्थना करना लाभकारी होता है। साथ ही अपनी सोच को सकारात्मक रखें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें और विश्वास रखें कि हर कार्य सही समय पर पूर्ण होगा। खरमास में पीले रंग का अधिक प्रयोग करें। यह रंग जीवन में प्रेम, शांति और सुख-समृद्धि बढ़ाने में सहायक माना जाता है।

## खबर एक नजर...

### बदमाशों ने चलते ट्रक से चुराये दवाईयों के 17 बॉक्स

**उज्जैन।** नंदानगर इंदौर में रहने वाला अनुराग पिता नन्हेलाल चौहान कंटेनर क्रमांक एमपी 09 जीएच 3579 में मल्टीमोड लॉजिस्टिक इंडिया प्रावेट लिमिटेड ट्रांसपोर्टर से सिस्टोपिक लेबोरेटरी प्रायवेट लिमिटेड दिल्ली की दवाईयों के बॉक्स लेकर राजस्थान के लिये निकला था। आगररोड निपानिया टोल के आगे चलते कंटेनर का ताला तोड़कर से बदमाशों ने दवाईयों के 17 बॉक्स चोरी कर लिये। चालक को ट्रक कटिंग का पता चला तो उसने मामले की शिकायत घट्टिया थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार चोरी हुये दवाईयों के 17 बॉक्स की कीमत सामने नहीं आई है। चालक द्वारा कंपनी से संपर्क कर कीमत की जानकारी दी जायेगी।

### गैस टैंकरों की डेटिंग-पेंटिंग को लेकर 2 पेंटरों में विवाद

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर में गैस टैंकरों की डेटिंग-पेटिंग की बात को लेकर 2 पेंटरों बंटी पिता बद्रीलाल मालवीय और जगदीश पिता पर्वतलाल कलासिया के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बंटी घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। बंटी ने बताया कि एक सेठ ने अपने कुछ टैंकर पेटिंग के लिये दिये थे। उसने काम पहले करके दे दिया और वाट्सएप पर किये गये काम के फोटो सेठ को भेजे। इसी बात पर जगदीश ने अपने साथी सुनील और अनिल के साथ मिलकर उसकी दुकान नजरपुर आकर मारपीट की। जगदीश भी पेटिंग का काम करता है। उसके पास भी कुछ टैंकर पेटिंग के लिये आये थे। वह समय पर काम पूरा नहीं कर पाया था। घट्टिया थाना पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

### सीने में दर्द उठने के बाद 2 बच्चों के पिता की मौत



**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम देरखेड़ी में रहने वाला हेमंत पिता देवीलाल 35 साल पेटिंग का काम करता था। 2 दिनों से उसे सीने में दर्द हो रहा था। शुक्रवार दोपहर उसने काम से छुट्टी लेकर अस्पताल दिखाने की बात कही। वह अस्पताल पहुंच पाता उससे पहले गश खाकर गिर गया। उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि हेमंत 2 बच्चों का पिता था। सीने में दर्द होने पर उसकी तबीयत बिगड़ी थी। प्रधान आरक्षक के अनुसार शार्ट पीएम रिपोर्ट में भी हार्ट अटैक की पुष्टि होना सामने आई है।

### रेलवे स्टेशन परिसर में बेहोश मिला युवक

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन परिसर के मालगोदाम के पास शुक्रवार दोपहर को एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस उसे अस्पताल लेकर पहुंची। युवक के मामले में जीआरपी को सूचना दी गई। पुलिस के अस्पताल पहुंचने पर उसके पास मिले दस्तावेजों से सामने आया कि जालोन का रहने वाला अरूण पिता राघवेन्द्रसिंह है। उसके होश में आने पर ही उसके संबंध में जानकारी मिल पायेगी। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार कराया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 |

### धरपकड़ के प्रयास में पुलिस, जल्द हो सकता है खुलासा

# कारों के कांच फोड़कर बैग उड़ाने वाली गैंग की हुई पहचान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। दिसंबर माह के अंतिम दिनों में 3 कारों के कांच फोड़कर रूपयों और कपड़ों से भरे बैग उड़ाने वाली गैंग की पहचान कर ली गई है। पुलिस की टीम धरपकड़ के प्रयास में लगी है। संभावना है कि जल्द मामले का खुलासा हो सकता है।

दिसंबर माह की 29 और 30 तारीख को 3 थाना क्षेत्रों में हुई कारों के कांच फोड़कर रूपयों और कपड़ों से भरे बैग बदमाशों ने चोरी कर लिये थे। नानाखेड़ा क्षेत्र में हुई वारदात के बाद सामने आया था कि बैग में लाखों रुपए रखे थे। पुलिस ने फुटेज खंगाले थे, जिसमें पांच बदमाशों की मौजूदगी दिखाई दी थी। वारदात स्थल पर मिले फुटेज के बाद रूट ट्रेस किया गया था। इस दौरान सामने आया था कि बदमाश हरसिद्धी मंदिर मार्ग कहारवाड़ी स्थित




मंगलम होटल में ठहरे थे। पुलिस होटल पहुंची थी जहां लगे कैमरों में भी बदमाश दिखाई दिये थे। जो आंध्रप्रदेश के रहने वाले सामने आये थे। बदमाशों का पता चलते ही उनकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। जिसमें पुलिस का सफलता मिल गई है। बदमाशों की धरपकड़ के लिये एक टीम शहर से बाहर भेजी गई है। संभावना है कि एक-दो दिन में बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होगें। जिन्हे उज्जैन लाकर मामले का खुलासा किया जायेगा।

#### प्रापर्टी बोकर्स और श्रद्धालुओं की थी कारें

बदमाशों की गैंग ने सबसे पहले 29 दिसंबर को हरसिद्धी की पाल स्थित पार्किंग में खड़ी दीपक पांडे निवासी पूणे महाराष्ट की कार का कांच फोड़कर बदमाशों ने बैग उड़ा दिया था। जिसमें जिसमें 10 हजार रुपए नगद, मोबाइल और लॉकर की चाबी रखी थी। दूसरे दिन 30 दिसंबर को बदमाश नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ट्रेजर बाजार के पास शुभेच्छु प्रापर्टी बोकर्स का संचालन करने वाले आकाश लश्करी की कार का कांच फोड़कर लाखों रूपयों से भरा बेग और दस्तावेज उड़ा दिये थे। तीसरी वारदात माधवनगर क्षेत्र की सेठी बिल्डिंग के पास होटल में ठहरे संजीव जैन निवासी गुंजन कालोनी मयूर नगर फिरोजाबाद की कार का कांच फोड़ कपड़ों का बेग चोरी किया था।

#### होटल संचालक पर दर्ज हुआ था प्रकरण

कारों के कांच फोड़ने वाली गैंग फुटेज के आधार पर हरसिद्धी मंदिर मार्ग कहारवाड़ी स्थित मंगलम होटल में ठहराना सामने आई थी। गैंग पुलिस के होटल पहुंचने से पहले ही चैक आउट कर चुकी थी, लेकिन सामने आया था कि बदमाश आंध्रप्रदेश और तमिलनाडू के रहने वाले थे। होटल संचालक विजय कसेरा ने अपने यहां ठहरे पांचों लोगों की जानकारी संबंधित पुलिस थाने को नहीं देकर जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन किया था। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने होटल संचालक से पूछताछ की थी। वहीं महाकाल थाना पुलिस ने संचालक के खिलाफ बिना दस्तावेज और सूचना दिये बिना होटल में रूम देने के मामले में प्रकरण दर्ज किया था।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेत से घर जाने के लिये निकली किशोरी को झांसा देकर अगवा करने के बाद 10 दिनों तक शोषण करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप भदौरिया ने बताया कि 27 सितंबर 2024 को घट्टिया तहसील में रहने वाली किशोरी शाम को खेत से घर जाने के लिये निकली थी। लेकिन घर नहीं पहुंची थी। उसके लापता होने पर परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर 11 दिन बाद किशोरी को दस्तयाब किया था। जिसने अपने कथन में बताया था कि उसे अरूण पिता निर्भयसिंह चौहान ग्राम रूदाहेड़ा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और शादी का झांसा देते हुए मर्जी के खिलाफ गलत काम किया है। पुलिस ने किशोरी के कथन पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा के



साथ पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद शुरू हुई सुनवाई में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध हो गया। तराना अपर सत्र न्यायाधीश प्रेमा साहू ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 साल की सजा और 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। 14 माह बाद आये फैसले के दौरान प्रकरण में अनुसंधान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा कायथा थाना प्रभारी को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। वहीं पैरवी शिरिष उपासनी विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# नियम तोड़ने वाले चालकों को दिया तुलसी का पौधा

### चामुंडा चौराहा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्मार्ट सिटी और यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह की शुरूआत की गई है। शुक्रवार को चामुंडा माता चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नियम तोड़ने वाले चालकों को तुलसी का पौधा दिया गया। यहीं नहीं सबसिडी पर दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट भी उपलब्ध कराये गये।

1 जनवरी से यातायात जागरूकता माह की शुरूआत की गई है। स्मार्ट सिटी और यातायात पुलिस पूरे माह लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करेगी। चामुंडा माता पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, यातायात डीएसपी विक्रम कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार के साथ उनकी टीम द्वारा नियमों का पालन नहीं करने वालों को समझाईश दी गई और



तुलसी का पौधा सौंपा। वहीं नियमों को पालन किसी तरह किया जाये इसका नाटक का मंचन किया। स्मार्ट सिटी सीईओ ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के साथ दो पहिया वाहन चालकों को सबसिडी पर हेलमेट भी दिये जा रहे है। 50 प्रतिशत कंपनी की और 15 प्रतिशत स्मार्ट सिटी की ओर से छूट दी जा रही है। 11 सौ कीमत का हेलमेट सबसिडी पर 635 रुपए में दिया जा रहा है। 1050 का 592 और 750 का 337 रुपए में है। कार्यक्रम के दौरान तुलसी का पौधा इसलिये दिया गया है कि तुलसी सनातन धर्म में महत्व रखती है। नियम तोड़ने वाला अपने घर में पौधा लगायेगा और रोज पानी डालेगा तो उसे याद रहेगा कि नियम तोड़ने पर दिया गया था अब नियम का पालन करना है। दोपहिया वाहन चालकों के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के लिये जागरूक किया जा रहा है। नियमों का पालन करने पर आम नागरिक ही सुरक्षित रहेगा।

### मक्सीरोड पर शराब ठिकाने लगाने आया था इंदौर का अधेड़

# 28 हजार के 350 क्वार्टर बरामद, पुलिस ने लिया रिमांड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक्टिवा पर अवैध शराब लेकर ठिकाने लगाने के लिये मक्सीरोड पहुंचे अधेड़ को पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया। 28 हजार से अधिक की शराब बरामद होने पर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि रात में सर्कल भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि एक्टिवा क्रमांक एमपी 11 एनएफ 5097 पर सवार एक वृद्ध अवैध शराब लेकर मक्सीरोड श्री सिंथेटिक्स के पास खड़ा है। वह शराब ठिकाने लगाने के लिये किसी का इंतजार कर रहा है। अवैध शराब तस्कर को पकड़ने के लिये एएसआई सावित्री कटारा को आरक्षक अमरनाथ और बिजेन्द्र



भारती को रवाना किया। श्री सिंथेटिक्स के मुख्य मार्ग पर जंगल क्षेत्र में एक्टिवा सवार खड़ा दिखाई दिया। जिसकी घेराबंदी की गई, उसने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, लेकिन आरक्षकों ने पीछा कर पकड़ लिया। उसकी एक्टिवा को जप्त किया गया। जिस पर 2 प्लास्टिक के बोरे रखे थे। जिसे खोलने पर देशी शराब के क्वार्टर होना सामने आये। शराब के साथ एक्टिवा जप्त कर आरोपी को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम शाहिद कादीर पिता अब्दुल सकुर खान 51 साल निवासी कडाव घाट, बम्बई बाजार इंदौर पता चला। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। बरामद शराब 350 क्वार्टर कीमत 28 हजार है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में इंदौर से शराब लाना कबूल किया है। एक टीम शराब उपलब्ध कराने वाले की तलाश में इंदौर भेजी गई है।

#### इधर झालावाड़ का युवक हिरासत में आया

अवैध शराब के मामले में देवासगेट थाना पुलिस ने सामाजिक न्याय परिसर से झालावाड़ के भवानी मंडी स्थित ग्राम पचपहाड़ के रहने वाले महेश पिता राधेश्याम राठौर 32 साल को हिरासत में लिया। उसके पास से थैली में भरे देशी शराब के 37 क्वार्टर बरामद किये गये। झालावाड़ का रहने वाला महेश राठौर वर्तमान के हीरामिल की चाल में निवास कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com